कथन : भारत के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने घोषणा की है कि वह ग्राहकों को ₹20,000 तक की राशि के लिए, मांग पर्ची के बिना ₹2,000 के नोट बदलने की अनुमति देगा।
निष्कर्ष :
I. किसी को भी ₹20,000 से अधिक की राशि निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
II. ₹20,000 तक के विनिमय के लिए मांग पर्ची की आवश्यकता नहीं है।
SSC CHSL Tier II (26/06/2023)
(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं
(c) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

Q.14. नीचे घटनाओं (i) और (ii) का एक युग्म दिया गया है। यह मानते हुए कि (i) और (ii) दोनों में दी गई जानकारी सत्य है, उनके संबंध की प्रकृति तय कीजिए। उत्तर निर्धारित करने के लिए, दी गई जानकारी के अतिरिक्त कुछ परिकल्पित मत कीजिए ।
घटना (i) : शहर में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर
घटना (ii) : जनसंख्या में श्वसन संबंधी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि
SSC CHSL Tier II (26/06/2023)
(a) घटना (ii) प्रभाव है और घटना (i) इसका कारण है।
(b) दोनों घटनाएँ किसी साझा कारण के प्रभाव हैं।
(c) दोनों घटनाएं किन्हीं स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।
(d) घटना (i) प्रभाव है और घटना (ii) इसका कारण है।

Q.15. दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन : अगले दशक के भीतर कार्बन उत्सर्जन को 50% तक कम करना, नई सरकार की नीति का लक्ष्य है।
निष्कर्ष :
I. सरकार, जीवाश्म ईंधन पर चलने वाले सभी वाहनों पर तुरंत प्रतिबंध लगा देगी।
II. सरकार, कोयले से चलने वाले सभी बिजली संयंत्रों को बंद कर देगी।
SSC CHSL Tier II (26/06/2023)
(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

SSC CHSL 2022 Tier - 1

Q.16. निम्नलिखित कथनों एवं निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मान लीजिए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है भले ही यह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती है। यह तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन- सा तार्किक रूप से कथनों के अनुसार है।
कथन I : इब्राहिम राकेश से लंबा है जो श्याम से लंबा है।
कथन II : श्याम, डेविड से छोटा है।
निष्कर्ष I : इब्राहिम श्याम से लंबा है।
निष्कर्ष II : डेविड इब्राहिम से लंबा है।
SSC CHSL 13/03/2023 (3rd Shift)
(a) केवल निष्कर्ष I कथनों के अनुसार है।
(b) निष्कर्ष I और II में से कोई भी कथनों के अनुसार नहीं है
(c) केवल निष्कर्ष II कथनों के अनुसार है।
(d) दोनों निष्कर्ष I और II कथनों के अनुसार है।

SSC CGL 2022 Tier - 2

Q.17. इस प्रश्न में एक कथन के बाद दो कार्रवाइयाँ क्रमांक I और II दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर यह तय करना है कि कौन -सी कार्रवाई / कार्रवाइयाँ करने के लिए तार्किक रूप से अनुसरण करती है/हैं।
कथन : शहर के लोगों की एक बड़ी संख्या का मलेरिया रोग से पीड़ित होने का पता चला है।
कार्रवाइयाँ :
I. शहर के नगरपालिका अधिकारियों को शहर में व्यापक धूमन करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।
II. क्षेत्र के लोगों को मच्छरों के काटने से बचने के लिए कदम उठाने की सलाह दी जानी चाहिए।
SSC CGL Tier II (02/03/2023)
(a) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(b) केवल II अनुसरण करता है।
(c) केवल I अनुसरण करता है
(d) न तो I न ही II अनुसरण करता है।

Q.18. इस प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। एक कथन, दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए।
I. इस वर्ष कॉलेज X ने प्रवेश परीक्षा के लिए कट ऑफ अंकों को 60 से घटाकर 50 कर दिया।
II. पिछले दो वर्षों में, कॉलेज X में छात्र संघ कॉलेज कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य तथा स्वच्छता मानकों के संबंध में कॉलेज प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है।
SSC CGL Tier II (02/03/2023)
(a) II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है
(b) I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है।
(c) I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं
(d) I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं

Q.19. निर्देश : एक कथन के बाद अनुमान I और II दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिया गया कथन सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो, तय करें कि दिए गए अनुमानों में से कौन सा / से अनुमान कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/ करते हैं।
कथन : राष्ट्रीय द्रुतगामी मार्ग - A, सबसे चौड़ा द्रुतगामी मार्ग है और कुछ लोग इसका इस्तेमाल करते हैं। जब लोग कोई खाली और चौड़ी सड़क देखते हैं, तब वे तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं।
अनुमान :
I. सभी दुर्घटनाएं अत्यधिक गति के कारण होती हैं।
II. तेज गति से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।
SSC CGL Tier II (02/03/2023)
(a) केवल I अनुसरण करता है
(b) I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) न तो I और न ही II अनुसरण करता

Q.20. इस प्रश्न में एक कथन के बाद दो कार्रवाइयाँ क्रमांक I और II दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर यह तय करना है कि कौन-सी कार्रवाई / कार्रवाइयाँ करने के लिए तार्किक रूप से अनुसरण करती है/हैं।
कथन : शहरी क्षेत्रों में ग्रामीणों के प्रवास में भारी वृद्धि हुई है, क्योंकि बार-बार फसल खराब होने से उन्हें वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।
कार्रवाइयाँ :
I. ग्रामीणों को उनके गांवों में आय का एक

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

वैकल्पिक स्रोत प्रदान किया जाना चाहिए ताकि वे वहीं रहें।
II. उनके अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए, विस्थापित ग्रामीणों को शहरी क्षेत्रों में आवास के सभी विकल्पों तक पहुंच प्रदान की जानी चाहिए।
SSC CGL Tier II (03/03/2023)
(a) केवल II अनुसरण करता है।
(b) I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(c) न तो I न ही II अनुसरण करता है।
(d) केवल I अनुसरण करता है

Q.21. निर्देश : एक कथन के बाद दो अनुमान I. और II. दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिया गया कथन सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो, तय करें कि दिए गए अनुमानों में से कौन सा / से अनुमान कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है / करते हैं।
कथन : कृषि उत्पादन में कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग करने से वे मिट्टी और जल को दूषित करते हैं, फसलों में उनका अंश रह जाता है और आखिरकार वे खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करते हैं, जिससे मानवों के लिए खतरा पैदा हो जाता है।
अनुमान :
I. कृषि उत्पादन में कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया जाना, लोगों के लिए अच्छा नहीं है।
II. कृषि उत्पादन में कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग करने से जल पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।
SSC CGL Tier II (03/03/2023)
(a) केवल II अनुसरण करता है
(b) न तो I और न ही II अनुसरण करता है
(c) केवल I अनुसरण करता है
(d) I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.22. इस प्रश्न में दो कथन I. और II. दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। एक कथन, दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए।
I. देश X ने पिछले 5 वर्षों में अपने कच्चे तेल के आयात में 6% की कमी की है।
II. देश X में ऑटोमोबाइल उद्योग ने इस वर्ष अपने विकास मार्जिन में 13% की तीव्र गिरावट देखी है।
SSC CGL Tier II (03/03/2023)
(a) I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं
(b) I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है।
(c) II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है
(d) I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

Q.23. एक स्थिति दी गई है, जिसके बाद दो निष्कर्ष I. और II. दिए गए हैं। स्थिति और दोनों निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।
स्थिति : पिछले 15 वर्षों से, दुनिया के मिट्टी के बर्तनों के बाजार में 75% उत्पाद देश K से आते हैं। हालांकि, देश K के मिट्टी के बर्तन उद्योग में पिछले 3 वर्षों से हर साल रोजगार में 5 - 9% की लगातार गिरावट आ रही है।
निष्कर्ष :
I. रोजगार घटने के बाद भी, देश K के पास अंतरराष्ट्रीय बाजार में समान रूप से योगदान जारी रखने के लिए पर्याप्त कुम्हार हैं।
II. देश K में मिट्टी के बर्तनों की स्थानीय मांग में काफी कमी आई है, जिससे कुम्हारों के बीच रुचि कम हो गई है।
SSC CGL Tier II (06/03/2023)
(a) न तो निष्कर्ष I निकाला जा सकता है और न ही II निकाला जा सकता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकाला जा सकता है
(c) केवल निष्कर्ष I निकाला जा सकता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों निकाले जा सकते हैं

Q.24. इस प्रश्न में दो कथन I. और II. दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों या एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।
I. पिछले तीन वर्षों से, राज्य M ने राज्य की कृषि उपज में तीव्र और वास्तविक गिरावट दर्ज की है।
II. पिछले पांच वर्षों में, राज्य M में कुल औसत वर्षा में 6% की वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को राहत मिली है।
SSC CGL Tier II (06/03/2023)
(a) I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है।
(b) I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं
(c) II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है।
(d) I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं

Q.25. निर्देश : एक कथन के बाद दो अनुमान I. और II. दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिया गया कथन सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो, तय करें कि दिए गए अनुमानों में से कौन सा / से अनुमान कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है करते हैं।
कथन : कई विद्यार्थियों को मोबाइल गेम्स खेलने की आदत पड़ गई है और इसी कारण वे ख़राब शैक्षिक प्रदर्शन करते हैं।
अनुमान :
I. कई विद्यार्थी मोबाइल गेम्स के कारण पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।
II. मोबाइल गेम्स के कारण ही विद्यार्थी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होते हैं।
SSC CGL Tier II (06/03/2023)
(a) केवल II अनुसरण करता है।
(b) न तो I और न ही II अनुसरण करता है
(c) I और II, दोनों अनुसरण करते हैं
(d) केवल I अनुसरण करता है

Q.26. इस प्रश्न में दो कथन I. और II. दिए गए हैं। ये कथन स्वतंत्र कारण या स्वतंत्र कारणों या एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हो सकते हैं। एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।
I. पिछले दो वर्षों में कंपनी P के 22% कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया।
II. पिछले दो वर्षों में कंपनी P ने अपनी कई प्रमुख संपत्तियों को बेच दिया है।
SSC CGL Tier II (07/03/2023)
(a) I और II दोनों एक उभयनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।
(b) I कारण है और II इसका संभावित प्रभाव है।
(c) II कारण है और I इसका संभावित प्रभाव है।
(d) I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

Q.27. निर्देश : एक कथन के बाद दो अनुमान I. और II. दिए गए हैं। यह मानते हुए कि दिया गया कथन सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो, ज्ञात करें कि दिए गए अनुमानों में से कौन सा से अनुमान कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।
कथन : टीम-X और टीम-Y के बीच एक फुटबॉल मैच में टीम Y द्वारा किए गए गोलों की कुल संख्या 5 थी, जिनमें से 3 गोल बाएँ पैर वाले खिलाड़ी द्वारा किए गए थे।
अनुमान :
I. बाएँ पैर वाला खिलाड़ी गोल करने में माहिर था।
II. टीम Y के 60% खिलाड़ी बाएँ पैर वाले हैं।
SSC CGL Tier II (07/03/2023)
(a) I और II, दोनों अनुसरण करते हैं
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) न तो I और न ही II अनुसरण करता है
(d) केवल I अनुसरण करता है

Q.28. इस प्रश्न में एक कथन के बाद दो कार्रवाइयाँ क्रमांक I और II दी गई हैं। आपको कथन में दी गई सभी बातों को सत्य मानना है और कथन में दी गई जानकारी के आधार पर यह तय करना है कि कौन सी कार्रवाई / कार्रवाइयाँ करने के लिए तार्किक रूप से अनुसरण करती है/हैं।
कथन : किसी कंपनी के तकनीकी अनुभाग में कुछ गंभीर त्रुटियाँ पाई गई।
कार्यवाही :
I. तकनीकी त्रुटियों की जाँच के लिए एक कुशल तकनीकी टीम नियुक्त की जानी चाहिए।
II. अनियमितताओं में शामिल सभी कर्मचारियों को कारण स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया जाना चाहिए।
SSC CGL Tier II (07/03/2023)
(a) न तो I न ही II अनुसरण करता है।
(b) केवल I अनुसरण करता है।
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

Answer key :-

1.(b)	2.(d)	3.(a)	4.(b)
5.(d)	6.(c)	7.(d)	8.(b)
9.(c)	10.(a)	11.(c)	12.(c)
13.(a)	14.(a)	15.(d)	16.(a)
17.(a)	18.(c)	19.(c)	20.(d)
21.(d)	22.(a)	23.(c)	24.(d)
25.(d)	26.(a)	27.(c)	28.(d)

Solutions :-

Sol.1.(b)



केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

Sol.2.(d) कथन I. और II. के अनुसार स्वस्थ जीवन जीने के लिए सलाद के साथ अपना दिन शुरू करना एक आदर्श तरीका है क्योंकि ताज़ा और स्वादिष्ट सलाद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए, विटामिन सी, फोलेट, कैल्शियम, फाइबर आदि से भरपूर होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं। इसलिए 'I' कारण है और 'II' संभावित प्रभाव है।

Sol.3.(a)

Search on TG @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf



केवल II और III अनुसरण करते हैं।

Sol.4.(b) कथन I और II के अनुसार, कल बालासोर में तेज़ हवा और बहुत भारी बारिश की संभावना है क्योंकि दोपहर 3 बजे तक चक्रवात आ जाएगा, इसलिए कल के लिए निर्धारित सभी स्नातक परीक्षाएँ विश्वविद्यालय द्वारा रद्द कर दी गई हैं। इसलिए II कारण है और I संभावित प्रभाव है।

Sol.5.(d) कार्यवाहियाँ:
(i) प्रिंसिपल की बार-बार चेतावनी देने के बावजूद, स्कूल में एक बच्चा मोबाइल फोन छुपाए हुए पकड़ा गया, उसका मोबाइल फोन छीन लिया जाना चाहिए और माता-पिता को स्कूल में बुलाया जाना चाहिए।
(ii) इस गलती के लिए बच्चे को दंडित किया जाना चाहिए।
दोनों (I) और (II) का अनुसरण किया जाना चाहिए।

Sol.6.(c) A के घर में वोल्टेज के उतार-चढ़ाव के कारण उसके कई नए विद्युत उपकरण ख़राब हो गए हैं। इसलिए A को किसी इलेक्ट्रीशियन से परामर्श लेना चाहिए और विद्युत उपकरणों को वोल्टेज के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए एक युक्ति स्थापित करना चाहिए ताकि भविष्य में सभी उपकरण ठीक से कार्य कर सकें। लेकिन केवल ख़राब उपकरणों को बदलना कोई स्थायी समाधान नहीं है।
इसलिए केवल कार्रवाई (i) अनुसरण करता है।

Sol.7.(d) चूँकि कुत्ता एक स्तनधारी जानवर है, दिए गए कथन के अनुसार, कुत्ते का रक्त गर्म होगा और कथन में यह नहीं कहा गया है कि वे सभी जानवर जिनका रक्त गर्म है, स्तनधारी हैं। अतः केवल धारणा (i) सही है।

Sol.8.(b) निष्कर्ष (i) गलत है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने 10वीं कक्षा में 80% या अधिक अंक प्राप्त किए।
निष्कर्ष (ii) सही है क्योंकि यह सभी शर्तों को पूरा करता है।

Sol.9.(c)
चूँकि रमेश विवेचनात्मक तर्क में अच्छा है और उसने परीक्षा में अच्छे अंक भी प्राप्त किये हैं। इसलिए, हम कह सकते हैं कि उन्होंने अधिकांश अंक विवेचनात्मक तर्क में प्राप्त किए और परीक्षा में अधिकतम प्रश्न भी विवेचनात्मक तर्क के थे।
इसलिए हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि दोनों निष्कर्ष सही हैं।

Sol.10.(a) कारण 1 :
लोग मुख्यतः नौकरी की तलाश में कस्बों और शहरों की ओर पलायन करते हैं। गाँव में रोजगार के अवसर उपलब्ध न होने के कारण वे नौकरी की तलाश में जाते हैं। कारण 1 संभव है.
कारण 2 : प्रवास इसलिए नहीं होता क्योंकि लोग यात्रा करना और नए शहरों को देखना पसंद करते हैं। कारण 2 संभव नहीं है.

Sol.11.(c) ईंधन की कीमतें कच्चे तेल की कीमत के सीधे आनुपातिक हैं क्योंकि पेट्रोल, डीजल, केरोसिन आदि प्राप्त करने के लिए कच्चे तेल को आसवित किया जाता है। इसका सरकार द्वारा लगाए गए कर और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मुद्रास्फीति से कोई लेना-देना नहीं है।
न तो अनुमान 1 और न ही 2 सत्य है।

Sol.12.(c) कथन :- अति व्यस्त समय में शहर में ट्रैफिक का दबाव काफी बढ़ जाता है।
कार्यवाही 1:- सरकार को सार्वजनिक परिवहन के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और अति व्यस्त समय के दौरान भारी यातायात के कारण भीड़ का मुकाबला करने के लिए निजी वाहनों के विकल्प प्रदान करने के लिए कदम उठाने चाहिए।
कार्यवाही 2:- सरकार ट्रैफिक के लिए ड्राइवरों पर भारी जुर्माना नहीं लगा सकती।
केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

Sol.13.(a) निष्कर्ष 1:- कथन में यह नहीं दिया गया है कि किसी को भी रूपये 20000 से अधिक की राशि निकालने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
निष्कर्ष 2 :- कथन में बताया गया है कि 20,000 रुपये तक के विनिमय के लिए किसी मांग पर्ची की आवश्यकता नहीं है।
केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।

Sol.14.(a) जैसा कि हम देखते हैं, जनसंख्या में श्वसन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में वृद्धि हो रही है। इसका एकमात्र कारण शहर में प्रदूषण स्तर का बढ़ना है।
घटना (ii) प्रभाव है और घटना (i) कारण है।

Sol.15.(d) कथन : नई सरकारी नीति का लक्ष्य अगले दशक के भीतर कार्बन उत्सर्जन को 50% तक कम करना है।
निष्कर्ष 1 :- यह व्यावहारिक नहीं है कि सरकार जीवाश्म ईंधन से चलने वाले सभी वाहनों पर तुरंत प्रतिबंध लगा देगी।
निष्कर्ष 1 अनुसरण नहीं करता
निष्कर्ष 2 :- कथन में यह नहीं दिया गया है कि सरकार सभी कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों को बंद कर देगी।
निष्कर्ष 2 अनुसरण नहीं करता.
न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 अनुसरण करता है।

Sol.16.(a) कथन 1 से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि इब्राहिम राकेश और श्याम दोनों से लंबा है। लेकिन कथन 2 में हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि डेविड इब्राहिम या राकेश या दोनों से लंबा है।
इसलिए, कथन से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि इब्राहिम श्याम से लंबा है।
केवल 1 अनुसरण करता है.

Sol.17.(a) स्पष्ट है कि मच्छरों से बचाव और मच्छरों का खात्मा , मलेरिया से बचाव के दो उपाय हैं। अतः दोनों प्रकार की कार्यवाही अनुसरण करती है।

Sol.18.(c) हम देख सकते हैं कि कथन 1 से हमें कॉलेज X के बारे में जानकारी मिलती है, कट ऑफ अंक 60 से घटाकर 50 कर दिया जाता है।
कथन 2 से हमें कॉलेज X में भोजन की गुणवत्ता के बारे में विरोध करने वाले छात्र संघ के बारे में जानकारी मिलती है।
दोनों कथन स्वतंत्र हैं, आपस में कोई संबंध नहीं है।
अतः हम कह सकते हैं कि वे स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं।

Sol.19.(c) निष्कर्ष 1 → कथन में हमें ऐसी कोई जानकारी नहीं मिलती है कि सभी दुर्घटनाएं ओवरस्पीडिंग के कारण होती हैं। ड्रिंक एंड ड्राइव, खराब मौसम, ब्रेक फेल होने और कई अन्य दुर्घटनाओं के कई कारण हैं। इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि हादसों का एकमात्र कारण ओवरस्पीडिंग है। अतः निष्कर्ष 1 अनुसरण नहीं करता है।
निष्कर्ष 2 → कथन में यह स्पष्ट रूप से दिया गया है कि जब लोगों को खाली और चौड़ी सड़कें मिलती हैं, तो लोग तेज गति से वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। अतः निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।
केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।

Sol.20.(d) जाहिर है, बढ़ते प्रवासन से शहर के बुनियादी ढांचे पर बोझ बढ़ेगा। इसलिए ग्रामीणों को गांव में ही सहजता का एहसास कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। अत:, केवल कार्यवाही I अनुसरण करता है।

Sol.21.(d) I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।

Sol.22.(a) I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं

Sol.23.(c) निष्कर्ष 1 → कथन से हमें यह जानकारी मिलती है कि रोजगार में गिरावट के बाद भी, दुनिया के मिट्टी के बर्तनों के बाजार में 75% उत्पाद देश K से आते हैं। हम कह सकते हैं कि देश K के पास अंतर्राष्ट्रीय बाजार में समान रूप से योगदान जारी रखने के लिए पर्याप्त कुम्हार हैं। अतः निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।
निष्कर्ष 2 → कथन में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि K देश के मिट्टी के बर्तनों की मांग में कमी आई है। इसलिए निष्कर्ष 2 अनुसरण नहीं करता है।
इसलिए, केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।

Sol.24.(d) कथन 1 में राज्य M में कृषि उत्पादन में गिरावट की जानकारी है। कथन 2 में राज्य M में वर्षा में वृद्धि की जानकारी है। इसलिए 1 और 2 दोनों स्वतंत्र प्रभावों के कारण हैं।

Sol.25.(d) निष्कर्ष 1 → कथन से स्पष्ट है कि बहुत से छात्र पढाई के बजाय मोबाइल गेम पर ध्यान देने के कारण शिक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए। अतः निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।
निष्कर्ष 2 → कथन में यह नहीं दिया गया है कि विद्यार्थियों के शिक्षा में असफल होने का मुख्य कारण मोबाइल गेम है।
इसलिए, केवल अनुमान I अनुसरण करता है

Sol.26.(a) I और II दोनों एक उभवनिष्ठ कारण के प्रभाव हैं।

Sol.27.(c) धारणा 1 :- कथन में यह नहीं दिया गया है कि बाएं पैर का खिलाड़ी गोल करने में माहिर होता है।
अनुमान 1 अनुसरण नहीं करता है।
धारणा 2 :- कथन में यह नहीं दिया गया है कि 60% खिलाड़ी बाएं पैर के खिलाड़ी हैं।
अनुमान 2 अनुसरण नहीं करता है।
न तो I और न ही II अनुसरण करता है

Sol.28.(d) I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Data Sufficiency (आंकड़ों की पर्याप्तता)

अवधारणा :- आंकड़ों की पर्याप्तता क्या है ?
आंकड़े पर्याप्तता पर आधारित प्रश्नों में, अभ्यर्थी को कुछ शर्तों के साथ जानकारी दी जाती है और फिर कुछ विकल्प दिए जाते हैं जहां उन्हें उत्तर देना होता है कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए दी गई शर्तों में से कौन सी शर्त आवश्यक होगी।

उत्तर विकल्प को समझना :
डेटा या आकड़ों की पर्याप्तता वाले प्रश्नों में, एक प्रश्न में I. और II. लेबल वाले दो कथन होते हैं, जिसमें एक निश्चित जानकारी दी जाती है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं।
कथनों में दी गई जानकारी का उपयोग करके आपको यह बताना चाहिए होगा कि -
(a) दोनों कथन 1 और 2 पर्याप्त हैं
(b) कथन 2 अकेला पर्याप्त है जबकि 1 अकेला अपर्याप्त है
(c) कथन 1 अकेला पर्याप्त है जबकि कथन 2 अकेला अपर्याप्त है
(d) या तो कथन 1 या 2 पर्याप्त है
(e) प्रश्न का उत्तर देने के लिए न तो कथन 1 और न ही 2 पर्याप्त हैं।

आंकड़ों की पर्याप्तता को हल करने के टिप्स :-

पहला चरण : - प्रश्न की जांच करें, कि क्या पूछा गया है? क्या हमें कोई मान खोजना है या क्या हमें सम्बन्ध की जांच करनी है? अंतिम उत्तर की तलाश न करें (यदि नहीं पूछा गया हो)। आपको ज्यादातर केवल वही उत्तर देना है जो प्रश्न के उत्तर को पूरा करने के लिए आपकी आवश्यकताओं को पूरा करेगा

दूसरा चरण : - प्रत्येक कथन पर अलग-अलग विचार करें। पहले कथन A को देखें। क्या यह अपने आप में प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान करता है? यदि ऐसा है, तो कथन B की जाँच करें यदि वह भी पर्याप्त जानकारी प्रदान कर रहा है तो उत्तर या तो कथन 1 या 2 पर्याप्त होगा।यदि नहीं, तो हमारा उत्तर होगा कि केवल कथन 1 पर्याप्त है जबकि कथन 2 अकेला अपर्याप्त है। यदि कथन A पर्याप्त जानकारी प्रदान नहीं कर रहा है लेकिन कथन B पर्याप्त जानकारी प्रदान कर रहा है तो हमारा उत्तर होगाकथन 2 अकेला पर्याप्त है जबकि 1 अकेला अपर्याप्त है।

तीसरा चरण : - दोनों कथनों को मिलाइए।
यदि कोई भी कथन अपने आप में प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है, तो विचार करें कि क्या आप दोनों कथनों में दी गई जानकारी को मिलाकर प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। तब हमारा उत्तर होगा कथन 1 और 2 दोनों ही पर्याप्त हैं।

Practice Questions

SSC CGL 2023 Tier - 2

Q.1. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन I. और II. दिए गए हैं। पहचान करें कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।
प्रश्न : A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः बैठे हुए हैं। उनमें से प्रत्येक का मुख या तो मेज के केंद्र की ओर या बाहर की ओर (अर्थात केंद्र की विपरीत दिशा में) है। D किस दिशा में अभिमुख है ?
कथन : (I) B, F के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है और दोनों केंद्र की ओर अभिमुख हैं। A और E के बीच किसी भी छोर से केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और E दोनों समान दिशा की ओर अभिमुख हैं। A, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
(II) C, B की विपरीत दिशा में अभिमुख है। D, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
SSC CGL Tier II 26/10/2023
(a) कथन I. अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II नहीं है।
(b) कथन I. और II. मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(c) कथन II अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I. नहीं है।
(d) कथन I. और II. मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.2. इस प्रश्न में एक प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का निर्णय कीजिए।
प्रश्न : किशोर का सुजाता से क्या संबंध है?
(I) नव्या, किशोर की पुत्री है। विनीता, किशोर की पत्नी है।
(II) अमन, नव्या का भाई है। सुजाता, अमन की इकलौती पुत्री है।
SSC CGL Tier II 26/10/2023
(a) (II) अकेला पर्याप्त है, जबकि (I) अकेला पर्याप्त नहीं है।
(b) (I) अकेला पर्याप्त है, जबकि (II) अकेला पर्याप्त नहीं है।
(c) (I) और (II) दोनों एक साथ आवश्यक हैं।
(d) या तो (I) अकेला या (II) अकेला पर्याप्त है।

SSC CGL 2022 Tier - 2

Q.3. नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन I. और II. दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर तय कीजिए कि इनमें से कौन सा कथन, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
छः व्यक्ति K, M, N, P, Q और R एक गोल मेज के परित: केंद्र के अभिमुख होकर बैठे हैं। K के ठीक दाएं कौन बैठा है?
(I) K, M के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। K और N के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, N के ठीक बाएं बैठा है।
(II) K, Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। K और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, R के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
SSC CGL Tier II (02/03/2023)
(a) कथन I. का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
(b) या तो कथन I. का डेटा या कथन II का डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(c) कथन I. और II के डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
(d) कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I. का डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.4. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन क्रमांक (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न : छह व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं। पंक्ति 1 में - J, K और L उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं, और पंक्ति 2 में - F, G और H दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। एक पंक्ति में बैठे व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति में बैठे व्यक्ति की ओर है। G के समक्ष कौन बैठा है?
कथन :
(I) H का मुख K की ओर है; L का मुख H के निकटतम पड़ोसी की ओर है।
(II) G पंक्ति के किसी एक अंतिम छोर पर बैठा है; J, L के ठीक बाएं बैठा है।
SSC CGL Tier II (02/03/2023)
(a) कथन I. और II. दोनों में दिया गया डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(b) कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I. में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन I. में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(d) या तो कथन I. में दिया गया डाटा अकेले या कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है

Q.5. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन क्रमांक (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न: A, B, C और D एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। A के ठीक दाएं कौन बैठा है?
कथन:
(I) C, A के ठीक बाएं बैठा है; C और D के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है।
(II) A और B के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है; C, B के ठीक दाएं बैठा है।
SSC CGL Tier II (03/03/2023)
(a) कथन I. में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(b) या तो कथन I. में दिया गया डाटा अकेले या कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(c) कथन I. और II. दोनों में दिया गया डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(d) कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I. में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए

Search on T.C. @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

पर्याप्त नहीं है

Q.6. नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर तय कीजिए कि इनमें से कौन सा कथन, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
छह व्यक्ति - A, B, C, D, E और F एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D के ठीक बाएं कौन बैठा है?
(I) A पंक्ति के किसी एक छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, C के ठीक दाएं बैठा है।
(II) C पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। C और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
SSC CGL Tier II (03/03/2023)
(a) कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।
(b) कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन I और II के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
(d) कथन I और II के डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.7. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन क्रमांक (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न : उस पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति खड़े हैं जिसमें सभी व्यक्तियों का मुख उत्तर की ओर है?
कथन :
(I) A बाएं छोर से चौथे स्थान पर है; M, A के दाई ओर दूसरे स्थान पर है; और R बाएं छोर से दूसरे स्थान पर है।
(II) M दाएं छोर से चौथे स्थान पर है M और B के बीच में केवल दो व्यक्ति खड़े हैं।
SSC CGL Tier II (06/03/2023)
(a) या तो कथन I में दिया गया डाटा अकेले या कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(b) कथन I और II दोनों में दिया गया डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
(c) कथन I में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(d) कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Q.8. इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से संख्यांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह निर्णय लेना है कि कथन / कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सावधानीपूर्वक अपने उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न: P, Q, R, S T U और V, 7 व्यक्ति एक पंक्ति में खड़े हैं और सभी उत्तर की ओर अभिमुख हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों) । T के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन खड़ा है?
कथन:
(I) U दाएं छोर से तीसरे स्थान पर और R के बाई ओर दूसरे स्थान पर खड़ा है।
(II) Q, T के ठीक दाएं खड़ा है। Q, P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर खड़ा है।
SSC CGL Tier II (06/03/2023)
(a) कथन I और II के डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
(b) कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(d) कथन I और II के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Q.9. नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़कर तय कीजिए कि इनमें से कौन सा कथन, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
छ: व्यक्ति K, M, N, P, Q और R एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं P के बाई ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(i) K, P के ठीक दाएं बैठा है P और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R, M के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।
(II) N और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q, M का निकटतम पड़ोसी है। Q और K के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
SSC CGL Tier II (07/03/2023)
(a) कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है।
(b) कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।
(c) कथन I और II के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(d) कथन I और II के डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Q.10. नीचे एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन क्रमांक (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन कीजिए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।
प्रश्न: चार व्यक्ति A, B, C और D एक सीधी पंक्ति में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। दाएँ छोर पर कौन बैठा है?
कथन:
(I) B और D के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं; A, B के ठीक बाएं बैठा है।
(II) B और C के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है; A, C के ठीक दाएं बैठा है।
SSC CGL Tier II (07/03/2023)
(a) कथन I में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
(b) कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) या तो कथन I में दिया गया डाटा अकेले या कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है
(d) कथन I और II दोनों में दिया गया डाटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Answer key :-

1.(b)	2.(c)	3.(b)	4.(a)
5.(b)	6.(c)	7.(b)	8.(d)
9.(b)	10.(a)		

Solutions :-

Sol.1.(b) दोनों कथनों से हमें D की दिशा की जानकारी नहीं मिलती है।
दोनों कथनों को मिलाने के बाद दो स्थितियाँ संभव हैं।
स्थिति 1 :- जब A और E दोनों केंद्र की ओर उन्मुख हैं



स्थिति 2 :- जब A और E दोनों केंद्र से बाहर की ओर उन्मुख हैं



दोनों ही स्थितियों में D की दिशा निश्चित नहीं है।
कथन 1 और 2 मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Sol.2.(c) कथन 1 से हमें सुजाता की जानकारी नहीं मिलती है और कथन 2 से हमें किशोर की जानकारी नहीं मिलती है।
दोनों कथनों को मिलाने के बाद हमें प्राप्त होता है,



दोनों कथनों को मिलाने के बाद हमें जानकारी मिलती है कि किशोर सुजाता के दादा हैं।

Sol.3.(b) कथन I से हमें जानकारी मिलती है कि R, K के ठीक दायें बैठा है।



Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

कथन II से हमें जानकारी मिलती है कि R, K के ठीक दायें बैठा है।



अतः हम कह सकते हैं कि या तो कथन I या कथन II , प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Sol.4.(a) कथन 1 और 2 से हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है कि G किसके सामने है। दोनों कथनों को मिलाने पर हमें निम्नलिखित जानकारी मिलती है।



हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि दोनों कथनों को मिलाने पर हमें यह प्राप्त होता है कि G का मुख J के सामने है।

Sol.5.(b) या तो कथन I में दिया गया डाटा अकेले या कथन II में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है



Sol.6.(c) पहले कथन से हमें D के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है।



दूसरे कथन से,



कथन 2 से भी हमें D के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है।
कथन 1 और 2 को एक साथ मिलाने पर,



या तो A या B, D के ठीक बायें बैठा है।
इसलिए, कथन I और II के डेटा मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Sol.7.(b) कथन 1 से हमें निम्न व्यवस्था प्राप्त होती है। इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि पंक्ति में कितने लोग बैठे हैं।



कथन 2 से हमें B की स्थिति की दो संभावनाएँ मिलती हैं।



दोनों कथनों को मिलाकर हम कह सकते हैं कि पंक्ति में 9 व्यक्ति बैठे हैं।



अतः कथन 1 और 2 दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Sol.8.(d) कथन 1 से हमें प्राप्त होता है



इस कथन से हम यह नहीं बता सकते कि कौन T के दायें से दूसरे स्थान पर खड़ा है क्योंकि यहाँ T के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अतः कथन 1 अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
कथन 2 से हम पाते हैं,



यहाँ हमें T के बारे में जानकारी मिलती है लेकिन शेष सदस्यों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलती है। इसलिए यह कथन भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है। यदि हम दोनों कथनों को मिला दें तो भी कथन 1 और 2 के बीच कोई संबंध नहीं है। अतः कथन I और II मिलकर भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Sol.9.(b) कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है।



Sol.10.(a) कथन I में दिया गया डाटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डाटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
दक्षिण दिशा की ओर मुख :
शर्त 1 के अनुसार



Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Blood Relation
(रक्त सम्बन्ध)

रक्त संबंध की मूल बातें :- इस अध्याय में पात्रों के बीच संबंध खोजने के लिए जटिल तरीके से प्रश्न पूछे ाजाते हैं। इसमें मूल रूप से दो तरह के प्रश्न पूछे जाते है। पहले में, किसी के द्वारा कहे गए वक्तव्य से संबंध ज्ञात करना होता है और दूसरे में संकेत होंगे जो सम्बन्धो के कूट होंगे।

संबंध	प्रतीक
विवाहित जोड़ी	+ −
पुरुष	+
महिला	−
समान पीढ़ी	
पीढ़ी का अंतर	

समान्यत: - लिंग पहचान के लिए पुरुष को (+) से तथा महिला को (-) से दर्शाते है।
अर्थात A , B की पत्नी है। →



प्रश्न को हल करते समय याद रखने की बातें

माँ की बहन	→	मौसी
पिता की बहन	→	बुआ या फुआ
माता या पिता का पुत्र	→	भाई
माता या पिता की पुत्री	→	बहन
भाई का पुत्र	→	भतीजा
भाई की पुत्री	→	भतीजी
बड़े भाई की पत्नी	→	भाभी
पुत्री का पति	→	दामाद
पुत्र की पत्नी	→	पुत्रवधु
पत्नी की बहन	→	साली
पत्नी का भाई	→	साला
पिता का पिता	→	दादा
माता का पिता	→	नाना
पिता की माता	→	दादी
माता की माता	→	नानी
पिता का भाई	→	चाचा
माता का भाई	→	मामा
पिता के भाई का पुत्र	→	चचेरा भाई
पिता की बहन का पुत्र	→	फुफेरा भाई
माता के भाई का पुत्र	→	ममेरा भाई
माता की बहन का पुत्र	→	मौसेरा भाई
नाना का पुत्र	→	मामा
नाना की एकलौती पुत्री	→	माता
माता के भाई की पत्नी	→	मामी
दादा का एकलौता पुत्र	→	पिता
पत्नी की माँ	→	सास
पत्नी का पिता	→	ससुर
सास/ससुर की एकलौती पुत्री	→	पत्नी
बहन का पति	→	बहनोई
बहन के पति का पुत्र	→	भांजा
बहन के पति की पुत्री	→	भांजी
पुत्री/पुत्री के पति का पुत्र	→	नाती
पुत्री/पुत्री के पति की पुत्री	→	नतिनी
पुत्र का या पुत्रवधु का पुत्र	→	पोता या पौत्र
पुत्र की या पुत्रवधु की पुत्री	→	पोती या पौत्र
दादा की एकलौती पुत्रवधु	→	माता

TYPE - I

Question -
भरत तथा सपना पति-पत्नी हैं। रोहित तथा भरत भाई हैं। सुरेश रोहित का पिता है। सपना का बेटा कृष है। कृष सुरेश से किस प्रकार संबंधित है ?

Solution :-



उपरोक्त आरेख के अनुसार, कृष सुरेश का पोता है।

TYPE - II

Question -
एक महिला की ओर इशारा करते हुए, एल्विन ने कहा, "वह मेरे भाई के बेटे के भाई की मां के पति की मां है।" उस महिला का एल्विन के भाई से क्या संबंध है?

Solution :-



उपरोक्त आरेख से, हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि, **महिला अल्विन के भाई की माँ है।**

TYPE - III

'A + B' का अर्थ है 'A, B की मां है'
'A - B 'का अर्थ है' A, B की पत्नी है '
'A × B' 'का अर्थ है,'A, B का भाई है।
'A ÷ B' 'का अर्थ है' A, B का पति है।

Question -
यदि **T ÷ V + Q - J × M + U** है, तो T, J से किस प्रकार संबंधित है ?

Solution :-



उपरोक्त आकृति के अनुसार, T, J का ससुर है।

Variety Questions

Q.1. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माँ है',
'A − B' का अर्थ है 'A, B का पिता है',
'A $ B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है 'A, B की बहन है',
'A / B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A * B' का अर्थ है 'A, B का पति है'।
निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि P, T की पुत्रवधू है ?
i. T / B − K * P + O ii. T + K * P + B % O
iii. K * P + B % T + P iv. P + T * K + B % O
SSC CGL 13/09/2024 (2nd Shift)
(a) केवल i (b) i और ii दोनों
(c) iii और iv (d) केवल ii

Q.2. T + W' का अर्थ है 'T, W का पिता है'
'T - W' का अर्थ है 'T, W की पत्नी है'
'T × W' का अर्थ है 'T, W का भाई है'
'T ÷ W' का अर्थ है 'T, W की पुत्री है'।
'S + T ÷ U' का क्या अर्थ है ?
SSC CHSL 09/07/2024 (4th Shift)
(a) S, U का भाई है (b) S, U का पति है
(c) S, U का पुत्र है (d) S, U का अंकल है

Q.3. Q, R की माँ है। P, Q का पति है। S, R का भाई है। P का S से क्या संबंध है?
SSC CGL Tier II 26/10/2023
(a) पिता (b) भाई (c) पुत्र (d) साला

Q.4. "A = B" का अर्थ है कि "A, B का पिता है"।
"A $ B" का अर्थ है कि "A, B की बहन है"।
"A * B" का अर्थ है कि "A, B की माता है"।
"A ? B" का अर्थ है कि "A, B का पुत्र है"।
यदि M ? C $ J * Z है, तो J का M से क्या संबंध है?
SSC CPO 03/10/2023 (1st Shift)
(a) भाई (b) बहन (c) मौसी (d) नानी

Q.5. एक निश्चित कूट भाषा में,
'W + V' का अर्थ 'W, V की बहन है',
'W # V' का अर्थ 'W, V का पति है',
'W' $ 'V' का अर्थ 'W, V की बेटी है',
'W % V' का अर्थ 'W, V की मां है',
'W @ V' का अर्थ 'W, V का भाई है'।
उपरोक्त के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक दर्शाता है कि 'Y, Z की पत्नी है'?
SSC CHSL 08/08/2023 (4th Shift)
(a) Z @ R + K + P % Y
(b) P $ Y % R + K % Z
(c) Y % P # K + R % Z
(d) Y % P + K @ R $ Z

Q.6. एक फोटो की ओर इशारा करते हुए महेश ने कहा, "वह मेरे दादा के इकलोते बेटे की बेटी है।" फोटो में लड़की का महेश से क्या संबंध है?
SSC CHSL 03/08/2023 (1st Shift)
(a) बहन (b) बेटी (c) माँ की बहन (d) माँ

Q.7. L, G की बहन है। G, M का बेटा है। M का विवाह D से हुआ है। D, E की बहन है। E, C का बेटा है। C का विवाह S से हुआ है। S, P की बहन है। L का E से क्या संबंध है?
SSC CHSL 02/08/2023 (1st Shift)
(a) पत्नी की बहन (b) भाई की बेटी
(c) बहन की बेटी (d) बेटी

Q.8. एक परिवार बँट गया और R के बच्चे R के नाना की इकलौती नवासी के पिता के पास रह गए। वह व्यक्ति जिसके पास बच्चे रह गए है, R से किस प्रकार संबंधित है ?
SSC CGL 25/07/2023 (3rd shift)
(a) R का बेटा (b) R के दादा
(c) R के नाना (d) R के पिता

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Q.9. D, P, W, Y और M का एक परिवार एक-दूसरे से मिलने के लिए यात्रा कर रहा है। W अपनी पुत्रियों D और P के साथ यात्रा कर रहा है M अपनी नानी Y के साथ यात्रा कर रहा/रही है। D, M की माता है Y, P से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 18/07/2023 (3rd shift)
(a) पुत्री (b) माता (c) दादी /नानी (d) बहन

Q.10. मनीषा की बहन साक्षी सुभम की पत्नी है । सुभम दर्शन का भाई है। मनीषा के बेटे आकाश की एक बहन रेखा है, जो दर्शन की बेटी है। रेखा के पिता दर्शन, की माँ सलोनी है। सलोनी का साक्षी से क्या संबंध है ?
SSC CHSL 16/03/2023 (4th Shift)
(a) बहू (b) बहन (c) सास (d) बेटी

Q.11. मुकेश की बहन रमेश की पत्नी है। रमेश रानी का इकलौता भाई है। रमेश के पिता मधुर हैं। शीतल रमेश की दादी हैं। रेमा शीतल की बहू है। रोनित रानी के भाई का बेटा है। रोनित का मुकेश से क्या संबंध है?
SSC CHSL 15/03/2023 (3rd Shift)
(a) बेटा (b) भाई (c) साला (d) भतीजा

Q.12. अमन, बमन और चमन का भाई है। बमन, एमिली की माँ है। फरहान अमन के पिता हैं तो निम्नलिखित में से कौन-सा निहित रूप से सत्य है?
SSC CHSL 13/03/2023 (2nd Shift)
(a) अमन और एमिली भाई - बहन हैं।
(b) चमन पुरुष है।
(c) चमन, अमन का भाई है।
(d) बमन, चमन की बहन है।

Q.13. A + B का अर्थ है कि 'A, B के पिता है'
A * B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है
यदि L % M + N * O $ P है, तो L का P से क्या संबंध है?
SSC CGL 03/12/2022 (3rd Shift)
(a) बहन (b) पुत्री (c) माता (d) सास

Q.14. यदि A + B का अर्थ है कि A, B का पिता है, A - B का अर्थ है कि A, B की माता है, A × B का अर्थ है कि A, B का भाई है, तो निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजक यह निरूपित करता है, कि Q, P का पुत्र है?
SSC CGL 01/12/2022 (3rd Shift)
(a) P × P - Q (b) P + Q - R
(c) P + R × Q (d) P - Q + R

Q.15. छः बच्चे अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, और 6 लूडो खेल रहे हैं। 1 और 5 भाई हैं। 6, 5 की बहन है। 3, 1 के पिता के भाई का इकलौता पुत्र है। 2 और 4, 3 के पिता के इकलौते भाई की बेटियां हैं। 4, 1 से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CPO 10/11/2022 (Afternoon)
(a) बहन (b) चाचा (c) भतीजी (d) चचेरा भाई

Q.16. प्रियांश, जो रजत (पुरुष) का इकलौता पुत्र है, प्रकाश से कहता है, "तुम्हारी माँ, वीणा मेरे पिता की बड़ी बहन है, जो कृष्ण जी के इकलौते पुत्र है"। रजत, प्रकाश से किस प्रकार संबंधित है ?
SSC CHSL 07/06/2022 (Afternoon)
(a) मामा (b) कजिन (c) पिता (d) बेटा

Q.17. एक तस्वीर में एक महिला की ओर इशारा करते हुए, विजय ने कहा, "उसकी बहन की मां मेरे पिता की बेटी की बहन है।" वह महिला विजय से किस प्रकार संबंधित है ?
SSC CHSL 25/05/2022 (Afternoon)
(a) माँ (b) बहन की बेटी (c) बेटी (d) बहन

Q.18. जाह्नवी, तरुणी की बहन हैं, तरुणी की शादी दिलीप से हुई है, दिलीप, रघु का पिता है, मनोज, हेमा का पुत्र है, तरुणी, हेमा की सास हैं। दिलीप का एक ही बेटा है और कोई बेटी नहीं है, जाह्नवी की शादी बरुण से हुई है, लेखा बरुण की पुत्री है।जाह्नवी की बहन का मनोज के दादा से क्या संबंध है ?
SSC CGL 18/04/2022 (Evening)
(a) बहन (b) पत्नी (c) सास (d) मां

Q.19. परमिला , अकुन की पोती है जिसकी शादी निकिता से हुई है। मुरली , अकुन का साला है जिसकी दो बेटियां हैं लेकिन कोई बेटा नहीं है। राहुल , कमल का चचेरा भाई और परमिला का भाई है। उदय और वनमय निकिता के दामाद हैं। वनमय की शादी यामिनी से हुई है और उनकी दो बेटियां और एक बेटा है। उदय का एक बेटा और एक बेटी है। टीना और स्मिता यामिनी की बेटियां हैं। मुरली अविवाहित है। यामिनी का राहुल से क्या संबंध है ?
SSC CGL 11/04/2022 (Afternoon)
(a) मौसी (b) माँ (c) बहन (d) बेटी

Q.20. एक परिवार में छह सदस्य हैं। सुरेंद्र, रेवंत का पुत्र है। प्रणवी, रेवंत की पत्नी है। युगल, रेवंत का भाई है। कुंदना, प्रणवी की पुत्री है। जनार्दन, प्रणवी का भाई हैं। प्रणवी के कितने बच्चे हैं ?
SSC CHSL 05/08/2021 (Evening)
(a) 4 (b) 3 (c) 2 (d) 1

Q.21. अमित की तस्वीर की तरफ इशारा करते हुए गगन ने कहा, "इसकी बहन की माँ के पति मेरी बेटी की माँ के पति के पिता है। " अमित गगन से किस प्रकार सम्बंधित है ?
SSC CHSL 19/03/2020 (Afternoon)
(a) भतीजा (b) मामा (c) पिता (d) भाई

Practice Questions

SSC Stenographer 2024 Tier - 1

Q.22. यदि X, Y की बहन है, Z, A का पिता है और Y, A का पुत्र है, तो Z का X से क्या संबंध है ?
SSC Stenographer 10/12/2024 (Morning)
(a) परदादा/परनाना (b) पोती/नातिन/नवासी
(c) पिता (d) दादा/नाना

Q.23. A, R की पत्नी है। R, C का पुत्र है। B, C की पत्नी है और M, C का भाई है। M का R से क्या संबंध है?
SSC Stenographer 10/12/2024 (Afternoon)
(a) बुआ (b) पिता (c) चाचा (d) पुत्र

Q.24. एक निश्चित कूट भाषा में,
'M & N' का अर्थ है, 'M, N की पत्नी है',
'M @ N' का अर्थ है, 'M, N के दादा है',
'M % N' का अर्थ है, 'M, N का भाई है',
'M # N' का अर्थ है, 'M, N का पुत्र है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P @ Q # R & S% T' है, तो P, T से किस प्रकार संबंधित है?
SSC Stenographer 10/12/2024 (Evening)
(a) ससुर (b) पिता (c) भाई (d) पिता के भाई

Q.25. D, F से विवाहित है। B, Q की पत्नी है। G, A की पुत्री है। F, Q की माता है। A, D की बहन है। D, B से किस प्रकार संबंधित है?
SSC Stenographer 11/12/2024 (Morning)
(a) ससुर (b) सास (c) दामाद (d) पुत्र-वधु

Q.26. E, L की माता है। G, H का पिता है। L, D की बहन है। H, E की बहन है। D, A का पुत्र है। H, A से किस
प्रकार संबंधित है ?
SSC Stenographer 11/12/2024 (Evening)
(a) जीजा (b) साला (c) साली (d) भाभी

SSC CGL 2024 Tier - 1

Q.27. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माँ है',
'A – B' का अर्थ है 'A, B का पिता है',
'A $ B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है 'A, B की बहन है',
'A / B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
'A = B' का अर्थ है 'A, B का भाई है'।
निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि A, K की पुत्री है?
i. A + K / J – P = D ii. J % P = K + A = D
iii. K + A / P – D % J iv. D + K = A / P – J
SSC CGL 09/09/2024 (1st Shift)
(a) ii (b) i (c) iii (d) iv

Q.28. एक निश्चित कूट भाषा में,
R + T का अर्थ है कि 'R, T की बहन है'।
R – T का अर्थ है कि 'R, T का पिता है'।
R * T का अर्थ है कि 'R, T की पत्नी है'।
R ÷ T का अर्थ है कि 'R, T की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'A + B – C ÷ D * E – F ÷ G' है, तो F का C से क्या संबंध है?
SSC CGL 09/09/2024 (2nd Shift)
(a) नातिन/नतिनी (b) पत्नी (c) पुत्री (d) माता

Q.29. एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है 'A, B की बहन है',
A × B का अर्थ है 'A, B का भाई है' और
A ÷ B का अर्थ है 'A, B की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ÷ Q × R - M + T' है, तो T, P से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 09/09/2024 (3rd Shift)
(a) पुत्र (b) भाई (c) पिता (d) पति

Q.30. एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है।
A - B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।
A × B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P × Q + R ÷ S - T' है, तो P का T से क्या संबंध है?
SSC CGL 10/09/2024 (2nd Shift)
(a) बहन (b) पत्नी (c) माता (d) नानी

Q.31. एक निश्चित कूट भाषा में,

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

'A + B' का अर्थ है 'A, B की माता है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि '5 – 2 × 4 ÷ 3' है, तो 5, 3 से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 10/09/2024 (3rd Shift)
(a) पिता की बहन (b) माता का भाई
(c) पिता का भाई (d) माता की बहन

Q.32. एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है',
A × B का अर्थ है 'A, B का भाई है' और
A ÷ B का अर्थ है 'A, B की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P + Q ÷ R - T × M' है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
SSC CGL 11/09/2024 (1st Shift)
(a) M, T की बहन है। (b) P, R का भाई है।
(c) Q, M की माता है। (d) T, P का भाई है।

Q.33. एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'।
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P – Q + R ÷ S × T' है, तो P का T से क्या संबंध है?
SSC CGL 11/09/2024 (2nd Shift)
(a) पौत्र (b) पिता (c) देवर (d) ससुर

Q.34. एक निश्चित कूट भाषा में,
R + T का अर्थ है कि 'R, T की बहन है'।
R – T का अर्थ है कि 'R, T का पिता है'।
R * T का अर्थ है कि 'R, T की पत्नी है'।
R ÷ T का अर्थ है कि 'R, T की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M * N – P + Q ÷ R + T' है, तो M का Q से क्या संबंध है?
SSC CGL 11/09/2024 (3rd Shift)
(a) नानी (b) माता (c) बहन (d) मौसी

Q.35. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माता है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि '4 + 3 ÷ 2 ÷ 1 – 5' है, तो 4, 2 से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 12/09/2024 (1st Shift)
(a) पिता का पिता (b) पिता की माता
(c) माता का पिता (d) माता की माता

Q.36. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है' A, B की माँ है';
'A - B' का अर्थ है' A, B का पति है';
'A × B' का अर्थ है' A, B का पिता है' और
'A ÷ B' का अर्थ है' A, B की पुत्री है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'K ÷ L - M + N × O' है, तो K, O से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 12/09/2024 (3rd Shift)
(a) बहन की पुत्री (b) पिता की बहन
(c) माँ की बहन (d) पिता की माँ

Q.37. एक निश्चित कूट भाषा में,
X + Y का अर्थ है 'X, Y का पिता है',
X – Y का अर्थ है 'X, Y का भाई है',
X × Y का अर्थ है 'X, Y की बहन है',
X ÷ Y का अर्थ है 'X, Y की पत्नी है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'D × E ÷ F + G – H' है, तो D, H से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 13/09/2024 (1st Shift)
(a) बहन (b) पिता की बहन
(c) माता की बहन (d) माता की माता

Q.38. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A ? B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A & B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है' और
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
निम्नलिखित में से किसका अर्थ यह है कि Z, L की परसास (पत्नी के पिता की माता) है?
SSC CGL 13/09/2024 (3rd Shift)
(a) Z & B ! T x J ? L (b) Z ! B x T ? J & L
(c) Z ? B x T & J ! L (d) Z ? B ! T & J x L

Q.39. G, F का भाई है। E, K का पिता है। C, A की पुत्री है। F, E की माता है। C, E की बहन है। G, A से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 17/09/2024 (1st Shift)
(a) साला (b) जीजा (c) ननद (d) भाभी

Q.40. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की मां है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की बहन है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'J + K ÷ L – T × R' है, तो J का L से क्या संबंध है?
SSC CGL 17/09/2024 (3rd Shift)
(a) पत्नी
(b) बहन
(c) पति की बहन (ननद)
(d) पिता की बहन (बुआ)

Q.41. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माता है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P × Q ÷ R – S × A' है, तो S, P से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 18/09/2024 (1st Shift)
(a) माता (b) पुत्री (c) पुत्र (d) पिता

Q.42. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माता है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'A × B ÷ C + D' है, तो A, D से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 18/09/2024 (2nd Shift)
(a) माता की माता (b) पिता का पिता
(c) माता का पिता (d) पिता की माता

Q.43. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की माता है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A × B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'A × B ÷ C × D' है, तो A का D से क्या सम्बन्ध है?
SSC CGL 19/09/2024 (1st Shift)
(a) ससुर (b) पिता की बहन
(c) सास (d) पिता का भाई

Q.44. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A & B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।
निम्नलिखित में से किसका अर्थ यह है कि S, M की देवरानी/जेठानी है?
SSC CGL 19/09/2024 (2nd Shift)
(a) S & F * J ! I # M (b) S * F & J ! I # M
(c) S & F ! J * I # M (d) S & F # J ! I * M

Q.45.
यदि 'A & Z' का अर्थ है 'A, Z का भाई है',
'A # Z' का अर्थ है 'A, Z की बहन है',
'A ^ Z' का अर्थ है 'A, Z के पिता का भाई है',
'A @ Z' का अर्थ है 'A, Z की पत्नी है',
'A % Z' का अर्थ है 'A, Z की माता है',
'A α Z' का अर्थ है 'A, Z का पिता है',
तो निम्न व्यंजक में J, Z से किस प्रकार संबंधित है?
J % K # L @ M α N & Z
SSC CGL 23/09/2024 (1st Shift)
(a) माता (b) दादी (c) मौसी (d) नानी

Q.46. एक निश्चित कूट भाषा में,
X + Y का अर्थ है 'X, Y की बहन है',
X – Y का अर्थ है 'X, Y का पुत्र है',
X × Y का अर्थ है 'X, Y का पति है',
X ÷ Y का अर्थ है 'X, Y की माता है'।
उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'T + U – V × W ÷ X' है, तो T, X से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 23/09/2024 (2nd Shift)
(a) पिता की माता (b) बहन
(c) पिता की बहन (d) माता की बहन

Q.47. यदि A, B की बहन है, C, A की पुत्री है, D, A की बहन है और E, C का भाई है। D, E से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 24/09/2024 (1st Shift)
(a) नाना (b) मामा (c) मौसी (d) नानी

Q.48. एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है 'A, B की मां है';
'A – B' का अर्थ है 'A, B का भाई है';
'A x B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि M + Q – R + K – Y है, तो M का Y से क्या संबंध है?
SSC CGL 24/09/2024 (2nd Shift)
(a) पिता की मां (दादी) (b) भाई की पत्नी (भाभी)
(c) मां की मां (नानी) (d) मां

Q.49. Q, T की माता है। R, P का पति है। S, Q का पिता है। T, P का भाई है। P, S से किस प्रकार संबंधित है?
SSC CGL 24/09/2024 (3rd Shift)
(a) नातिन (b) नानी (c) नाना (d) भाभी

उपरोक्त चित्र से हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि, चिड़िया अपने घोंसले से **दक्षिण-पश्चिम** दिशा में है।

Sol.58.(c)



Sol.59.(a) प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार:



उपरोक्त आरेख से हम देख सकते हैं कि A, B से दक्षिण दिशा में है और 2 किमी दूर है

Sol.60.(c) प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार



उपरोक्त व्यवस्था से हम देख सकते हैं कि शहर B, C के संबंध में **पूर्व** में स्थित है।

Sol.61.(b)



बिंदु A पर पहुँचने के लिए उसे **2 km पश्चिम** की ओर ड्राइव करनी चाहिए।

Sol.62.(a)



अतः, उसका विद्यालय उसके घर से (13 + 7) = 20 किमी दूर है।

Sol.63.(b)



बिंदु A तक पहुँचने के लिए करण को फिर से 3 किमी पश्चिम की ओर ड्राइव करना पड़ता है।

Sol.64.(c)



अतः हम उपरोक्त आकृति में देख सकते हैं कि बिंदु A तक पहुँचने के लिए फिर से प्रिंस को **पूर्व दिशा की ओर 2 km** ड्राइव करनी चाहिए।

Sol.65.(d)



मोहन रेलवे स्टेशन से 40 m की दूरी पर है और उसके उत्तर दिशा में बस स्टैंड है।

Sol.66.(c)



स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि C, A के 40 m उत्तर में स्थित है।

Sol.67.(a)



अंतिम स्थिति और प्रारंभिक स्थिति के बीच की दूरी AE = BC = 11km

Sol.68.(c) प्रश्न के अनुसार,



Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

जैसे ही सूर्य पूर्व से उदय होगा, प्रातःकाल में जातक की परछाई पश्चिम दिशा में पड़ेगी।
इसलिए, ऊपर दिए गए आकृति से हम स्पष्ट रूप से कह सकते हैं कि अयान का मुख दक्षिण दिशा की ओर है।

Sol.69.(b)



Sol.70.(b)



x = 36 - 18 = 18 m

Sol.71.(a)



प्रश्न के अनुसार हम आकृति में देख सकते हैं कि, प्रारंभिक बिंदु और अंतिम बिंदु के बीच की दूरी 20 m है।

Sol.72.(c)



पूर्व दिशा में तय की गई 23 मी की दूरी पश्चिम दिशा में 11 मी और 12 मी के दो विस्थापनों से शून्य हो गई है, इसलिए विस्थापन केवल उत्तर दिशा में है। उत्तर दिशा में तय की गई शुद्ध दूरी में 15 मी + 16 मी + 17 मी + 19 मी = 67 मी के बराबर होगी।

Sol.73.(c)



ऊपर बताए गए आरेख के अनुसार, घर और X के बीच की दूरी = 40 - 15 = 25m

Sol.74.(b)



उपरोक्त त्रिभुज में पायथागॉरियन प्रमेय लागू करना (**संकेत** 20, 21 और 29 का पाइथागोरस त्रिक है)।

सबसे छोटा रास्ता = $\sqrt{20^2 + 21^2}$ = 290
तो, सबसे छोटा रास्ता 290 मीटर के बराबर है।

Sol.75.(a) दोपहर 12:00 और 3:00 बजे दोनों समय मिनट की सुई 12 बजे पर ही होती है। इसलिए एक ही दिशा , अर्थात **दक्षिण** की ओर उन्मुख होते हैं।

Sol.76.(d)



अर्जुन अपने घर से 40 - 15 = 25 मीटर दूर है।

Sol.77.(c)



शाम 5 बजे सूर्य पश्चिम दिशा में अस्त होता है। उत्तर दिशा से आने पर केतकी की परछाई बाईं ओर पड़ेगी। अतः उसका विद्यालय **उत्तर** दिशा में है।

Sol.78.(a)



यदि जॉन उत्तर दिशा में अपनी यात्रा शुरू करता है, तो वह S-W में यात्रा समाप्त करेगा। यदि S-W उत्तर-पश्चिम हो जाता है तो उत्तर, पूर्व हो जाता है।

Sol.79.(b)



स्कूल से घर **उत्तर-पश्चिम** में है।

Sol.80.(b)



ऋतिक **दक्षिण** दिशा की ओर बढ़ रहा था।

Sol.81.(c)



de - bc = 4km
dc - ab = 3km
बिंदु e से a तक, जब पाइथागोरस प्रमेय लागू किया जाता है तो हमें सबसे छोटी दूरी **5** km मिलती है।
$3^2 + 4^2 = 5^2$ (पाइथागोरस प्रमेय द्वारा)
9 + 16 = 25

Sol.82.(d)



स्पष्ट रूप से जब सत्येन बिंदु 1 से 5 तक यात्रा करता है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है कि उसका मुख बिंदु 1 से 40 मीटर उत्तर दिशा की ओर है।

Sol.83.(d)
बस बिंदु A से शुरू हुई और बहुत यात्रा करने के बाद, बिंदु B पर और उसी दिशा में पहुंची।
A और B के बीच की दूरी
= 25 - 15 = 10 किमी।
इसलिए , बिंदु B, Aसे 10 किमी पूर्व में है।



Sol.84.(d)



दिए गए निर्देश के अनुसार हम उपरोक्त आकृति से प्राप्त कर सकते हैं कि ऋचा अपने अंतिम स्थान पर बिंदु F पर है और यह अपने घर से 30 मीटर उत्तर में है।

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Sol.85.(d)



ऋषभ अपने आरंभिक बिंदु से 40मी दूर है। यह दिए गए चित्र में दिखाया गया है।

Sol.86.(a)



मयंक द्वारा तय की गई दूरी को चित्र में दिखाया गया है और शेष दूरी को भी त्रिभुज द्वारा दिखाया गया है। सबसे छोटी बची हुई दूरी = 5 किमी. (पाइथागोरस प्रमेय)

Sol.87.(c)



खींची गई आकृति का बारीकी से निरीक्षण करें। हम देख सकते हैं कि अमीता अपनी प्रारंभिक स्थिति से 30 + 30 + 40 = 100 मीटर पूर्व में है।

Sol.88.(a)

दक्षिणावर्त को +ve और वामावर्त को -ve के रूप में मानें तो, (45) + (180) + (-225) = 0
चूंकि स्थिति में शुद्ध परिवर्तन बराबर होता है, रोहन की दिशा में कोई शुद्ध परिवर्तन नहीं है। वह अपनी मूल दिशा में है।

Sol.89.(d) 40 + 40 - 50 = 80 - 50 = 30m
इसलिए, विमला अपने मूल स्थान से 30मी पूर्व में है



Sol.90.(b) दिए गए कथन के अनुसार, निम्नलिखित आरेख तैयार किया जाएगा। डायग्राम से साफ है कि रेहाना के घर से ऑफिस कितनी दूर है। इसे पाइथागोरस प्रमेय का उपयोग करके निकाला जाएगा।



Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Arithmetic Reasoning (अंकगणितीय तर्कशक्ति)

Arithmetic reasoning (अंकगणितीय संक्रियाएं) :- इस अध्याय के अंतर्गत आने वाले प्रश्न समान्य अंकगणितीय नियमो पर आधारित होते है। ये प्रश्न मुख्यतः चार प्रकार के होते है।
1. संख्या या गणना आधारित प्रश्न
2. डेटा आधारित प्रश्न
3. वेन आरेख आधारित प्रश्न
4. औसत या आयु आधारित प्रश्न

Ex.(1). लड़कों और लड़कियों की एक कक्षा में 85 सेब बांटे जाने हैं। यदि प्रत्येक लड़के को 5 सेब मिलते हैं, तो प्रत्येक लड़की को 7 सेब मिलेंगे, और यदि प्रत्येक लड़के को 4 सेब मिलेंगे, तो प्रत्येक लड़की को 9 सेब मिलेंगे। कक्षा में कितने छात्र हैं?

Solution:-
माना लड़कों की संख्या = x ,
लड़कियों की संख्या = y
इसलिए , 5x + 7y = 85 ....e.q .(1)
और 4x + 9y = 85 ....e.q .(2)
5x + 7y = 4x + 9y
x = 2y
e.q .(1) में x का मान रखने पर ,
10y + 7y = 85
17y = 85 → y = 5 और x = 10
कुल छात्र (x + y) = 15

Ex.(2). 9 संख्याओं का औसत 40 है। यदि पहली पांच संख्याओं का औसत 38 है तथा अंतिम पांच संख्याओं का औसत 50 है, तो पाँचवीं संख्या कौन सी है ?

Solution :-
9 संख्याओं का औसत 40 है .
कुल = 40 × 9 = 360.
पहली पांच संख्याओं का औसत 38 है।
कुल = 38 × 5 = 190.
अंतिम पांच संख्याओं का औसत 50 है।
कुल = 5 × 50 = 250.
पाँचवी संख्या = 190 + 250 - 360
= 440 - 360 = 80.

Ex.(3). 10 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके बेटे की आयु से $3\frac{1}{2}$ गुना थी तथा अब से 10 साल बाद पिता की आयु बेटे की आयु से $2\frac{1}{4}$ गुना हो जाएगी। वर्तमान में पिता एवं पुत्र की उम्र का योग क्या होगा?

Solution:-
माना पुत्र की वर्तमान आयु x वर्ष है और पिता की वर्तमान आयु y वर्ष है।
प्रश्न के अनुसार,
7/2 (x - 10) = y - 10 ; यहाँ से हमें समीकरण मिलता है ,
7x - 2y = 50 _____ I
फिर से, 9/4 (x + 10) = y + 10 ;यहाँ
समीकरण इस प्रकार होगा:
9x - 4y = -50 _____II
समीकरण I और II को हल करने पर, हम प्राप्त करते हैं x = 30 वर्ष = बेटे की उम्र ; तथा
Y = 80 वर्ष = पिता की आयु
पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का योग
= 80 + 30 = 110 वर्ष

शार्ट ट्रिक्स :-



वर्षों में अंतराल (2 units) = 20 वर्ष
1 इकाई = 10 वर्ष
पिता की वर्तमान आयु = (9 × 10) – 10 वर्ष
= 80 वर्ष
पुत्र की वर्तमान आयु = (4 × 10) – 10 वर्ष
= 30 वर्ष
आवश्यक योग = 80 + 30 = 110 वर्ष

Variety Questions

Q.1. एक वर्गाकार पार्क की एक भुजा 12 m है। यदि पार्क के चारों ओर 24 m भुजा वाला वर्गाकार उद्यान विकसित किया जाए, तो उद्यान सहित पार्क का कुल क्षेत्रफल कितना होगा?
SSC CGL 11/04/2022 (Afternoon)
(a) 144 m^2 (b) 288 m^2 (c) 576 m^2 (d) 324 m^2

Q.2. यदि किसी संख्या का 90% , 621 है, तो उस संख्या के 20% का 50% क्या होगा?
SSC CGL 11/04/2022 (Evening)
(a) 79 (b) 54 (c) 74 (d) 69

Q.3. रेणुका ने अपनी बेटियों के लिए कुछ चॉकलेट खरीदीं। उसने उन्हें मेज पर रख दिया और अपने डॉक्टर की नियुक्ति के लिए बाहर चली गई। तभी आयुषी घर आ गई। वह एक तिहाई चॉकलेट लेकर अपने दोस्त के घर चली गई। इसके बाद साधना आई। उसने सोचा कि वह घर आने वाली पहली थी। उसने बची हुई चॉकलेट का एक तिहाई लिया और बाहर चली गई। अंत में तान्या घर आ गई। यह सोचकर कि वह सबसे पहले आने वाली थी, उसने बची हुई चॉकलेट का एक-तिहाई हिस्सा ले लिया। जब रेणुका वापस आई तो उन्हें टेबल पर 24 चॉकलेट पड़ी मिलीं। उसने उन्हें अपनी बेटियों के बीच वितरित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी को समान हिस्सा मिले। अंत में रेणुका ने साधना को कितनी चॉकलेट दी ?
SSC MTS 14/10/2021 (Afternoon)
(a) 9 (b) 15 (c) 12 (d) 27

Q.4. खिलाड़ियों की कुल संख्या में से, 100/3% होटल X में हैं और शेष होटल Y में हैं।यदि होटल Y के 20 खिलाड़ियों को होटल X में स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो होटल X में खिलाड़ियों की संख्या खिलाड़ियों की कुल संख्या का 50% हो जाती है।यदि होटल X से 20 खिलाड़ियों को होटल Y में स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो होटल X में खिलाड़ियों की संख्या खिलाड़ियों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत हो जाती है ?
SSC CGL 13/08/2021 (Morning)
(a) 12.75% (b) 26.34%
(c) 20.67% (d) 16.67%

Q.5. एक वृत्त की त्रिज्या 20 सेमी है। यदि इस वृत्त की त्रिज्या को घटाकर 10 सेमी कर दिया जाए, तो वृत्त के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की कमी होगी?
SSC CGL 13/08/2021 (Evening)
(a) 60% (b) 75% (c) 35% (d) 50%

Q.6. एक प्रेस सम्मेलन में 28 लोग मौजूद हैं। सम्मेलन के बाद सभी एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यदि उनमें से 7 हाथ मिलाने से इंकार करते हैं, तो कुल मिलाकर कितने हाथ मिलाने होंगे?
SSC CGL 17/08/2021 (Evening)
(a) 420 (b) 210 (c) 378 (d) 231

Q.7. तीन संख्याओं का योग 240 है। दूसरी संख्या पहली संख्या की चार गुनी है। तीसरी संख्या पहली संख्या की तीन गुनी है। तीन संख्याओं का औसत क्या होगा?
SSC CGL 18/08/2021 (Morning)
(a) 80 (b) 50 (c) 60 (d) 70

Q.8. चार दोस्तों प्रिया, काव्या, गौरवी और शालिनी के पास अलग-अलग पैसे हैं। यदि प्रिया काव्या से ₹88 लेती है, तो उसके पास गौरवी के बराबर राशि होगी। शालिनी और काव्या के पास कुल मिलाकर ₹550 हैं। यदि गौरवी शालिनी से ₹25 लेती है, तो उसके पास काव्या के बराबर राशि होगी। यदि शालिनी, काव्या और गौरवी के पास कुल राशि ₹840 है, तो प्रिया के पास कितनी धनराशि है?
SSC CGL 20/08/2021 (Evening)
(a) ₹315 (b) ₹280 (c) ₹224 (d) ₹202

Practice Questions

SSC CGL 2023 Tier - 2

Q.9. निम्नलिखित समीकरण में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आने वाला मान (लगभग में) क्या होगा?
49.85 – 5.31 + 9.97 = ?
SSC CGL Tier II 26/10/2023
(a) 19 (b) 37 (c) 6 (d) 55

SSC CGL 2021 Tier- 1

Q.10. मोहित और सुदेश ने एक ही दुकान से पेन और नोटबुक खरीदे। मोहित ने ₹180 की राशि का भुगतान करके 3 पेन और 6 नोटबुक खरीदी। सुदेश ने ₹116 की राशि का भुगतान करके 5 पेन और 2 नोटबुक खरीदी। मोहित ने नोटबुक खरीदने पर कितना खर्च किया?
SSC CGL 11/04/2022 (Morning)
(a) ₹84 (b) ₹138 (c) ₹122 (d) ₹115

Q.11. अवनीश ने एक परीक्षा में 78% अंक प्राप्त किए और कपिल ने उसी परीक्षा में 64% अंक प्राप्त किए । यदि कपिल और अवनीश द्वारा प्राप्त अंकों का योग 923 है, तो परीक्षा में कपिल द्वारा प्राप्त अंक ज्ञात कीजिए ।
SSC CGL 12/04/2022 (Evening)
(a) 507 (b) 416 (c) 458 (d) 600

Q.12. महिलाओं की राष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होने से पहले मिताली का औसत स्कोर (रन/मैच) 45 था। महिलाओं की 10 मैचों की राष्ट्रीय श्रृंखला में

Search on IG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

उनका कुल स्कोर 500 रन था। उसके द्वारा अब तक खेले गए मैचों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए, यदि उसका नया औसत श्रृंखला के बाद 47.5 है।
SSC CGL 13/04/2022 (Evening)
(a) 38 (b) 20 (c) 30 (d) 28

Q.13. एक कॉलेज में पूरे शिक्षण स्टाफ का औसत वेतन ₹2,000 प्रति दिन है। पुरुष शिक्षकों का औसत वेतन ₹2,500 है और महिला शिक्षकों का औसत वेतन ₹1,200 है। यदि पुरुष शिक्षकों की संख्या 16 है, तो कॉलेज में महिला शिक्षकों की संख्या ज्ञात कीजिए।
SSC CGL 18/04/2022 (Morning)
(a) 12 (b) 10 (c) 18 (d) 14

Q.14. ₹1,003 की राशि को A, B और C में 11 : 23 : 25 के अनुपात में बाँटा जाना है। B को A से कितने रुपये अधिक मिलेंगे?
SSC CGL 19/04/2022 (Morning)
(a) ₹204 (b) ₹238 (c) ₹29 (d) ₹187

Q.15. ₹ 2,95,000 की कुल राशि विनीत, प्रतीक और मयंक के बीच में इस तरह वितरित की जानी है कि विनीत को मयंक से आधी राशि मिले और प्रतीक को विनीत से ₹25,000 कम मिले । विनीत को कितनी राशि मिलेगी ।
SSC CGL 19/04/2022 (Afternoon)
(a) ₹80,000 (b) ₹55,000
(c) ₹70,000 (d) ₹85,000

Q.16. एक वृत्त की त्रिज्या 90 cm है। यदि इस वृत्त की त्रिज्या को बढ़ाकर 99 cm कर दिया जाए, तो इस वृत्त के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?
SSC CGL 20/04/2022 (Morning)
(a) 22.5% (b) 21% (c) 25% (d) 20%

Q.17. एक कोचिंग संस्थान में, कक्षा 10 में छात्रों की संख्या कक्षा 12 में छात्रों की संख्या से 1/3 अधिक है। यदि संस्थान में कक्षा 10 और कक्षा 12 के छात्रों की कुल संख्या 112 है, तो उस संस्थान में कक्षा 10 की छात्रों संख्या ज्ञात कीजिए।
SSC CGL 20/04/2022 (Afternoon)
(a) 64 (b) 52 (c) 48 (d) 70

Q.18. वैदेही ने एक परीक्षा में 92% अंक प्राप्त किए और काव्यांजलि ने उसी परीक्षा में 78% अंक प्राप्त किए। यदि वैदेही और काव्यांजलि द्वारा प्राप्त अंकों के बीच का अंतर 105 है, तो वैदेही द्वारा परीक्षा में प्राप्त अंकों का पता लगाएं ?
SSC CGL 20/4/2022 (Evening)
(a) 736 (b) 644 (c) 690 (d) 598

Q.19 दो संख्याओं के योग और अंतर का अनुपात 6 : 5 है। इन दोनों संख्याओं का अनुपात ज्ञात कीजिए।
SSC CGL 21/4/2022 (Morning)
(a) 3 : 2 (b) 7 : 5 (c) 2 : 3 (d) 11 : 1

Q.20. यदि किसी संख्या का 80% 768 है, तो उस संख्या के 5% का 40% क्या होगा?
SSC CGL 21/4/2022 (Afternoon)
(a) 16.4 (b) 13.5 (c) 19.2 (d) 20.6

SSC MTS 2020 Tier - 1

Q.21. अभय के चाचा ने उसे कोंकण से कुछ आम भेजे। यदि उसे प्रतिदिन कुछ निश्चित संख्या में आम खाने पड़ते, तो वे 60 दिनों तक चलते। लेकिन, अभय के चचेरे भाई राजीव उसके साथ छुट्टियां बिताने आए और दोनों ने 36 दिनों में आमों को खत्म कर दिया। यदि राजीव अकेले आम खाता , तो आम कितने दिन चले होंगे?
SSC MTS 05/10/2021 (Morning)
(a) 72 (b) 90 (c) 180 (d) 120

SSC CGL 2020 Tier - 1

Q.22. एक प्रशिक्षण शिविर में तीन प्रकार के खेल हॉकी, क्रिकेट और बैडमिंटन सिखाए जाते थे। कुल छात्रों में से 14% ने क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त किया। शेष छात्रों में से 22% ने हॉकी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। शेष छात्रों में से आधे ने बैडमिंटन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कितने प्रतिशत छात्रों ने तीन खेलों में से किसी में भी प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया ?
SSC CGL 13/08/2021 (Evening)
(a) 32.56% (b) 67.52%
(c) 24.52% (d) 33.54%

Q.23. जब संख्या X को उसकी अगली संख्या से गुणा किया जाता है, तो गुणनफल 1260 प्राप्त होता है। जब संख्या X को संख्या Y में जोड़ा जाता है, तो कुल 106 प्राप्त होता है। संख्या Y का मान ज्ञात कीजिए। (मान लीजिए कि संख्याएँ धनात्मक हैं)
SSC CGL 16/08/2021 (Evening)
(a) 71 (b) 77 (c) 61 (d) 87

Q.24. राजेश ने ₹136 में 6 आम, 3 केले और 10 अमरूद खरीदे। यदि आम, केले और अमरूद की लागत (प्रति पीस) का अनुपात 3 : 2 : 1 है, तो 1 आम, 2 केले और 3 अमरूद की कुल लागत क्या होगी?
SSC CGL 17/08/2021 (Morning)
(a) ₹27 (b) ₹38 (c) ₹40 (d) ₹46

Q.25. तीन क्रिकेटरों अंकित, संजय और रोशन की विभिन्न स्रोतों से मासिक आय 12 : 9 : 7 के अनुपात में है और उनका व्यय 15 : 9 : 8 के अनुपात में है। यदि अंकित भविष्य के लिए अपनी आय का 25% बचाता है तो , अंकित, संजय और रोशन की बचत का अनुपात कितना है?
SSC CGL 20/08/2021(Morning)
(a) 15 : 18 : 11 (b) 25 : 16 : 13
(c) 5 : 8 : 7 (d) 23 : 18 : 11

Q.26. दो संख्याएँ A और B ऐसी हैं कि A के 3% और B के 6% का योग A के 4% और B के 6% के योग का $\frac{4}{5}$ वां हिस्सा है। A + B और A - B का अनुपात ज्ञात कीजिए।
SSC CGL 23/08/2021 (Morning)
(a) 6 : 5 (b) 7 : 5 (c) 5 : 6 (d) 4 : 5

Q.27. 17 व्यक्तियों की औसत आयु 39 वर्ष है। यदि पहले 9 व्यक्तियों की औसत आयु 35 वर्ष है, और अंतिम 9 व्यक्तियों की औसत आयु 44 वर्ष है, तो 9वें व्यक्ति की आयु क्या है?
SSC CGL 23/08/2021 (Afternoon)
(a) 45 वर्ष (b) 36 वर्ष (c) 48 वर्ष (d) 41 वर्ष

Q.28. अक्षर और मनविता ने हाल ही में अपनी सिल्वर वेडिंग एनिवर्सरी और अपने बड़े बेटे संजू का बर्थडे सेलिब्रेट किया। यदि संजू की आयु उसके माता-पिता की शादी के 18 वर्ष बाद और उनकी स्वर्ण जयंती पर उसकी आयु 5 : 21 के अनुपात में है, तो उनके विवाह के कितने वर्ष बाद संजू का जन्म हुआ था ?
SSC CGL 24/08/2021 (Morning)
(a) 10 वर्ष (b) 8 वर्ष (c) 15 वर्ष (d) 12 वर्ष

Q.29. तीन संख्याओं में से, पहली और दूसरी संख्या का अनुपात 3 : 4 है और दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात 5 : 6 है। यदि पहली और तीसरी संख्या के बीच का अंतर 1125 है, तो दूसरी और तीसरी संख्या का औसत ज्ञात कीजिए ?
SSC CGL 24/08/2021 (Afternoon)
(a) 2570 (b) 2075 (c) 2507 (d) 2750

Q.30. तीन पार्श्व गायकों अश्वथ , सुनीता और रामदीन की आय का अनुपात 12 : 9 : 7 है और उनका व्यय 15 : 9 : 8 के अनुपात में है। यदि अश्वथ अपनी आय का 25% बचाता है, तो अश्वथ, सुनीता और रामदीन की बचत का अनुपात क्या है?
SSC CGL 24/08/2021 (Evening)
(a) 5 : 8 : 7 (b) 25 : 16 : 13
(c) 23 : 18 : 11 (d) 15 : 18 : 11

SSC CHSL 2020 Tier - 1

Q.31. तीन दोस्तों अमन, ईशान और अनीश के पास क्रमशः 12, 16 और 3 सेब हैं। यदि अमन, अनीश के पास जितने सेब है उसका दुगना ईशान को देता है तथा 4 सेब अनीश को देता है, तो अमन के पास कितने सेब बचे हैं?
SSC CHSL 12/04/2021 (Evening)
(a) 5 (b) 3 (c) 2 (d) 4

Q.32. कृष्ण ने अपनी बचत का 1/9 अपने बेटे को, शेष का 3/4 अपनी पहली बेटी को और शेष अपनी दूसरी बेटी को दे दिया। यदि पहली बेटी को दूसरे से ₹880 अधिक मिले तो बेटे को कितना मिला?
SSC CHSL 13/04/2021 (Morning)
(a) ₹245 (b) ₹200 (c) ₹220 (d) ₹225

Q.33. पूरे देश में 250 केंद्रों में एक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रति केंद्र आवेदकों की औसत संख्या 1250 पाई गई। हालांकि, बाद में यह महसूस हुआ कि एक केंद्र में आवेदकों की संख्या 1658 के बजाय 1758 के रूप में गिना गया था। प्रति केंद्र आवेदकों की सही औसत संख्या क्या थी?
SSC CHSL 13/04/2021 (Afternoon)
(a) 1492.6 (b) 1294.6
(c) 1249.6 (d) 1429.6

Q.34. कृतिका के पास ₹21,450 थे। उसने इस राशि का 16% वाहन पर खर्च किया। फिर, उसने शेष राशि का 50% राशन पर खर्च किया। फिर, उसने इंटरनेट खर्च पर ₹991 खर्च किए। अब उसके पास कितने रुपये बचे हैं?
SSC CHSL 13/04/2021 (Evening)

Search on TG - @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

(a) ₹8,018 (b) ₹8,640 (c) ₹9,852 (d) ₹4,520

Q.35. तीन कर्मचारियों सलोनी, रीमा और कल्याणी की मासिक आय का अनुपात क्रमशः 54 : 21 : 59 है। यदि रीमा की वार्षिक आय ₹5,04,000 है, तो सलोनी और कल्याणी की वार्षिक आय का योग क्या है?
SSC CHSL 15/04/2021 (Morning)
(a) ₹27,21,000 (b) ₹21,72,000
(c) ₹21,27,000 (d) ₹27,12,000

Q.36. ईंधन की कीमत में अब 20% की वृद्धि हुई है। यदि कोई ग्राहक ईंधन पर अपना खर्च वही रखना चाहता है, तो उसे ईंधन की मात्रा की खपत को कम करना चाहिए:
SSC CHSL 15/04/2021 (Afternoon)
(a) 15% (b) $12\frac{1}{2}$% (c) $16\frac{2}{3}$% (d) 20%

Q.37. विशाल ने ₹1,122 की राशि को अपने चार दोस्तों A, B, C और D में क्रमशः 11 : 17 : 14 : 9 के अनुपात में विभाजित किया। B को D से कितने रुपये अधिक मिले?
SSC CHSL 15/04/2021 (Evening)
(a) ₹274 (b) ₹198 (c) ₹164 (d) ₹176

Q.38. दो अंकों की एक संख्या के दो अंकों का योग 13 है और दो अंकों को आपस में बदलने पर प्राप्त संख्या मूल संख्या से 27 कम है। मूल संख्या क्या है?
SSC CHSL 16/04/2021 (Morning)
(a) 94 (b) 76 (c) 58 (d) 85

Q.39. एक ड्रम में 40 लीटर दूध है। एक चौथाई दूध को निकाल कर पानी से बदल दिया जाता है। फिर, मिश्रण का आधा भाग निकाल लिया जाता है और पानी से बदल दिया जाता है। ड्रम में बचे हुए दूध और पानी की क्रमशः मात्रा कितनी है?
SSC CHSL 16/04/2021 (Afternoon)
(a) 15 लीटर और 25 लीटर
(b) 10 लीटर और 30 लीटर
(c) 20 लीटर और 20 लीटर
(d) 25 लीटर और 15 लीटर

Q.40. विराट, केतन और रोहन के बीच कुल 1012 कैंडी क्रमशः 6 : 9 : 8 के अनुपात में वितरित की जानी हैं। रोहन को कितनी कैंडी मिलेगी?
SSC CHSL 19/04/2021 (Morning)
(a) 396 (b) 352 (c) 450 (d) 264

Q.41. मोहाली से दिल्ली के लिए 2 ट्रेन टिकट और मोहाली से जम्मू के लिए 3 ट्रेन टिकट की कीमत ₹800 है। लेकिन मोहाली से दिल्ली के 3 ट्रेन टिकट और मोहाली से जम्मू के 2 ट्रेन टिकट की कीमत ₹700 है। मोहाली से क्रमश: दिल्ली और जम्मू के लिए टिकट की कीमतें क्या हैं?
SSC CHSL 19/04/2021 (Afternoon)
(a) ₹100, ₹200 (b) ₹200, ₹200
(c) ₹100, ₹150 (d) ₹200, ₹100

Q.42. A , B और C के रूप में तीन पुस्तकों को कोडित किया गया है। पुस्तक A की कीमत पुस्तक B की कीमत से दोगुनी है और पुस्तक C की कीमत का एक तिहाई है। यदि पुस्तक C की कीमत 84 रुपये है, तो पुस्तक A और पुस्तक B की कीमत, क्रमशः ?
SSC CHSL 19/04/2021 (Evening)
(a) ₹14 और ₹42 (b) ₹24 और ₹42
(c) ₹14 और ₹7 (d) ₹28 और ₹14

Q.43. वॉशिंग मशीन स्टोर का सेल्स बॉय अपने ग्राहकों से क्रय मूल्य से 24% अधिक प्राप्त करता है। यदि एक ग्राहक ने वॉशिंग मशीन के लिए ₹6,200 का भुगतान किया, तो वॉशिंग मशीन का क्रय मूल्य ज्ञात करें।
SSC CHSL 04/08/2021 (Morning)
(a) ₹5,500 (b) ₹5,000 (c) ₹6,200 (d) ₹7,200

Q.44. एक ड्राइवर प्रत्येक घंटे के बाद अपने वाहन की चाल में 5 km/h की वृद्धि करता है। यदि वाहन की आरंभिक चाल 75 km/h थी, तो 4 घंटे की यात्रा में उसकी औसत चाल कितनी थी?
SSC CHSL 04/08/2021 (Evening)
(a) 82.5 km/h (b) 83.75 km/h
(c) 83 km/h (d) 82 km/h

Q.45. जिला परिवहन प्राधिकरण ने कॉलेज जाने वाले छात्रों के लिए विशेष बस सेवा शुरू की है। एक बस गाँव P से चलती है। बस में लड़कियों की संख्या की लड़को संख्या का एक चौथाई है। ग्राम Q में, 20 लड़के अपने कॉलेज के स्टॉप पर बस से उतरते हैं और दस लड़कियां बस में चढ़ती हैं।अब लड़के और लड़कियों की संख्या बराबर है। शुरुआत में कितने छात्र बस में चढ़ते हैं?
SSC CHSL 05/08/2021 (Morning)
(a) 60 (b) 40 (c) 30 (d) 50

Q.46. प्रति नोटबुक की कीमत ₹12 है। प्रति पेन की कीमत ₹9 है। टीना ने ₹123 में इन वस्तुओ के कुल 11 नग ख़रीदे । उसने कितनी नोटबुक खरीदी ?
SSC CHSL 05/08/2021 (Afternoon)
(a) 11 (b) 8 (c) 6 (d) 9

Q.47. 72 कलाकारों के समूह में, प्रत्येक कलाकार तीन कार्यक्रम , अर्थात् प्रश्नोत्तरी, एकल-अभिनय और अनुकरण में से एक में भाग लेता है, । 11 कलाकार केवल प्रश्नोत्तरी में भाग लेते हैं, 15 केवल एकल-अभिनय में भाग लेते हैं और 14 केवल अनुकरण में भाग लेते हैं। यदि 5 कलाकार तीनों कार्यक्रम में भाग लेते हैं, तो किन्हीं दो कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों की गणना करे ?
SSC CHSL 05/08/2021 (Evening)
(a) 25 (b) 37 (c) 27 (d) 15

Q.48. A, B और C के बीच ₹481 इस प्रकार वितरित किये गए कि B को A के भाग का दो-तिहाई मिला और C को B के भाग का तीन-चौथाई मिला । B को कितना धनराशि मिला ?
SSC CHSL 06/08/2021 (Morning)
(a) ₹148 (b) ₹111 (c) ₹168 (d) ₹222

Q.49. सुनीता ने 260 प्रश्नो वाली परीक्षा दी और पहले 130 प्रश्नो में से 40% प्रश्नो का सही उत्तर दिया । पूरी परीक्षा में 60% अंक पाने के लिए , उसे शेष 130 प्रश्नो में से कितने प्रतिशत प्रश्नो का सही उत्तर देना होगा ?
SSC CHSL 06/08/2021 (Afternoon)
(a) 70% (b) 84% (c) 75% (d) 80%

Q.50. 5 पेन और 12 पेंसिल का मूल्य ₹45 है। 20 पेन और 48 पेंसिल की कीमत क्या होगी?
SSC CHSL 09/08/2021 (Morning)
(a) ₹180 (b) ₹210 (c) ₹135 (d) ₹235

Q.51. विशाल के पास 5 , 10 , 20 और 50 रुपये के मूल्यवर्ग में कुल ₹4,100 हैं। उसके पास 5 और 10 रुपये के बराबर के नोट हैं। 20 रुपए के नोटों की संख्या 5 रुपये के नोटों की संख्या से दोगुनी है। 50 रुपये के नोटों की संख्या 10 रुपये के नोटों की संख्या से तीन गुना है।विशाल के पास 5 रुपये के कितने नोट है?
SSC CHSL 10/08/2021 (Morning)
(a) 10 (b) 40 (c) 30 (d) 20

Q.52. तीन व्यक्तियों, A, B और C के वेतन का योग ₹ 66,500 है। B का वेतन C के वेतन का आधा है। B का वेतन A के वेतन का 125% है। C का वेतन क्या है?
SSC CHSL 10/08/2021 (Afternoon)
(a) ₹30,000 (b) ₹28,000
(c) ₹34,000 (d) ₹35,000

Q.53. ट्रेन A, जो 90 किमी/घंटा की गति से चलती है, स्टेशन Y से सुबह 8 बजे चलना शुरू करती है। ट्रेन B, जो 120 किमी/घंटा की गति से चलती है, उसी मार्ग पर स्टेशन Y से सुबह 8:10 बजे उसी दिशा में चलना शुरू करती है। यदि ट्रेन B सुबह 8:40 बजे स्टेशन Z पर ट्रेन A से मिलती है, तो स्टेशन Y और Z के बीच की दूरी ज्ञात करे।
SSC CHSL 10/08/2021 (Evening)
(a) 54 km (b) 62 km (c) 60 km (d) 50 km

Q.54. एक प्रवेश परीक्षा में, तिवारी ने 25% अंक प्राप्त किए और 64 अंकों से अनुत्तीर्ण हुआ। यदि उसने 40% अंक प्राप्त किए होते, तो उसे उत्तीर्ण अंकों से 32 अंक अधिक प्राप्त होते। उत्तीर्ण अंक ज्ञात कीजिए।
SSC CHSL 11/08/2021 (Morning)
(a) 295 (b) 224 (c) 150 (d) 250

Q.55. दो संख्याएँ, A और B, ऐसी हैं कि A के 3% और B के 6% का योग A के 4% और B के 6% के योग का $\frac{4}{5}$वां है। (A + B) और (A - B) का अनुपात ज्ञात कीजिए ?
SSC CHSL 11/08/2021 (Evening)
(a) 4 : 5 (b) 6 : 5 (c) 7 : 5 (d) 5 : 6

Q.56. रंजन ने अपने वनडे क्रिकेट करियर में 10 मैचों में औसतन 15 रन बनाए। यदि उसने पहले 4 मैचों में औसतन 14 रन बनाए और पिछले 4 मैचों में औसतन 12 रन बनाए, तो शेष 2 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए रनों का औसत ज्ञात कीजिए।
SSC CHSL 12/08/2021 (Morning)
(a) 24 (b) 23 (c) 25 (d) 22

Q.57. गणित की परीक्षा में आठ छात्रों के औसत अंक 75 हैं। यदि उच्चतम और निम्नतम अंक हटा दिए जाते हैं, तो औसत अंक 80 हो जाते हैं। यदि उच्चतम अंकों का न्यूनतम अंकों का अनुपात 3: 1 है, तो उच्चतम अंक, गणित की परीक्षा में आठ छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों के योग का कितना प्रतिशत है?
SSC CHSL 12/08/2021 (Afternoon)
(a) 15% (b) 18% (c) 20% (d) 12%

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

Q.58. 68 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, 34विद्यार्थियों ने केवल वाद-विवाद में भाग लिया और 8 विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद दोनों में भाग लिया। यदि कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी ने इन दो प्रतियोगिताओं में से कम से कम एक में भाग लिया है, तो प्रश्नोत्तरी में कितने विद्यार्थियों ने भाग लिया?
SSC CHSL 12/08/2021 (Evening)
(a) 26 (b) 34 (c) 30 (d) 22

SSC CPO 2020 Tier - 1

Q.59. एक दिन 90 छात्र एक बस में यात्रा कर रहे थे तथा लड़कों तथा लड़कियों की संख्या में 2 : 1 का अनुपात था। अगले दिन, छात्रों की संख्या समान रही लेकिन लड़कों और लड़कियों का अनुपात 3 : 2 हो गया। दोनों दिन बस में यात्रा करने वाले लड़कों की संख्या में क्या अंतर था?
SSC CPO 23/11/2020 (Morning)
(a) 6 (b) 30 (c) 14 (d) 18

Q.60. दो संख्याओं को A और B नाम दिया गया है। संख्या A, उसके वर्ग तथा उसके घन का योग 399 है। संख्या B, उसके वर्ग तथा उसके घन का योग 819 है। संख्याओं A और B को जोड़ने से प्राप्त होने वाल्ली संख्या का वर्ग कितना होगा?
SSC CPO 23/11/2020 (Morning)
(a) 324 (b) 225 (c) 289 (d) 256

Q.61. एक बस में कुल 60 छात्र यात्रा कर रहे हैं। लड़कों तथा लड़कियों की संख्या का अनुपात 2 : 1 है। फिर, पहले बस स्टॉप पर 15 लड़के उतर जाते हैं तथा 5 लडकियाँ चढ़ती हैं। दूसरे बस स्टॉप पर 5 लड़के चढ़ते हैं और 10 लड़कियाँ उतर जाती हैं। दूसरे स्टॉप के बाद बस में लड़कों तथा लड़कियों की संख्या का क्या अनुपात है?
SSC CPO 23/11/2020 (Evening)
(a) 3 : 2 (b) 2 : 3 (c) 2 : 1 (d) 3 : 1

Q.62. एक संख्या के वर्ग , उसके घन तथा उसकी अगली संख्या के घन का योग 205 है। वह संख्या कौन सी है?
SSC CPO 23/11/2020 (Evening)
(a) 5 (b) 3 (c) 4 (d) 6

Q.63. जब एक संख्या को , उसकी अगली संख्या में तथा एक अन्य संख्या जो उसकी अगली संख्या से चार गुना है, में जोड़ा जाता है, तो तीनों संख्याओं का जोड़ 95 आता है। वह संख्या ज्ञात करें।
SSC CPO 24/11/2020 (Morning)
(a) 15 (b) 17 (c) 16 (d) 14

Q.64. 73 दोस्तों के समूह में , 14 दोस्त जिम और कराटे दोनों कक्षाओं में जाते हैं, जबकि 7 दोस्त न तो जिम क्लास में जाते हैं और न ही कराटे क्लास। अगर कुल 36 दोस्त जिम क्लास में जाते हैं, तो कितने दोस्त केवल कराटे क्लास में जाते हैं?
SSC CPO 24/11/2020 (Morning)
(a) 30 (b) 32 (c) 23 (d) 44

Q.65. ₹ 2,871 को क्रमशः A, B और C के बीच 9:11:13 के अनुपात में विभाजित किया जाना है। A की तुलना में C (₹ में) को कितना अधिक पैसा मिलेगा?
SSC CPO 24/11/2020 (Evening)
(a) ₹ 783 (b) ₹ 348 (c) ₹ 402 (d) ₹ 296

Q.66. उस संख्या को ज्ञात करे जो स्वयं को 14 बार जोड़े जाने पर 195 देता है।
SSC CPO 25/11/2020 (Morning)
(a) 15 (b) 14 (c) 16 (d) 13

Q.67. एक खेत में, कुछ परिचारकों के साथ 48 बत्तख, 42 बकरियां और 10 गाय हैं। यदि पैरों की कुल संख्या सिर की संख्या से 216 अधिक है, तो खेत पर उपस्थित लोगों की संख्या क्या है?
SSC CPO 25/11/2020 (Morning)
(a) 12 (b) 14 (c) 8 (d) 10

Q.68. चार साइकिल टायर और तीन ट्यूब की लागत ₹ 720 है, जबकि तीन साइकिल टायर और चार ट्यूब की लागत ₹ 610 है। एक ट्यूब की कीमत क्या है?
SSC CPO 25/11/2020 (Evening)
(a) ₹42 (b) ₹40 (c) ₹45 (d) ₹50

Q.69. एक नल 4 घंटे में 1250 लीटर का टैंक भरता है, जबकि दूसरा नल उसी टैंक को 8 घंटे में भर सकता है। एक आउटलेट नल 6 घंटे में उस टैंक को खाली कर सकता है। यदि सभी तीन नल एक साथ खोले जाते हैं, तो टैंक को पूरी तरह से भरने में कितना समय लगेगा ?
SSC CPO 25/11/2020 (Evening)
(a) 4.2 घंटे (b) 4.5 घंटे (c) 4.8 घंटे (d) 5 घंटे

SSC CHSL 2019 Tier - 1

Q.70. A और B क्रमशः किसी काम को 30 दिन और 18 दिन में पूरा करते है। A किसी काम को अकेले शुरू करता है और छह दिन बाद B उसके साथ काम खत्म होने तक काम करता है। पूरा काम कितने दिन में खत्म होगा ?
SSC CHSL 18/03/2020 (Morning)
(a) 9 (b) 15 (c) 12 (d) 17

Q.71. एक पौंड लगभग 0.453 किलोग्राम के बराबर है।जेनिफर एक शरीफा खरीदती है जो की 4.409 पौंड का है। खरीदा हुआ शरीफा कितने किलोग्राम (लगभग) का है ?
SSC CHSL 18/03/2020 (Afternoon)
(a) 2.5 (b) 1 (c) 2 (d) 1.5

Q.72. एक संख्या और उसकी व्युत्क्रम संख्या का जोड़ $\frac{17}{4}$ है। संख्याओं का मान ज्ञात कीजिये।
SSC CHSL 19/03/2020 (Morning)
(a) 4 और $\frac{1}{4}$ (b) 3 और $\frac{1}{3}$
(c) 5 और $\frac{1}{5}$ (d) 4 और $\frac{1}{2}$

Q.73. 68 विद्यार्थियों के एक बैच में, 23 विद्यार्थी दो खेलों अर्थात् क्रिकेट और स्क्वैश में से किसी में भी भाग नहीं लेते हैं। 17 विद्यार्थी केवल क्रिकेट में भाग लेते हैं, 24 विद्यार्थी क्रिकेट और स्क्वैश में भाग लेते हैं। केवल स्क्वैश में कितने विद्यार्थी भाग लेते हैं?
SSC CHSL 19/03/2020 (Afternoon)
(a) 20 (b) 4 (c) 28 (d) 21

Q.74. एक कक्षा में सभी विद्यार्थियों ने किसी न किसी खेल - लोक गीत, कथक, प्रश्नोत्तरी में भाग लिया है । कुल विद्यार्थियों के 22 प्रतिशत ने लोक गीत में भाग लिया । बचे हुए विद्यार्थियों में से 25 प्रतिशत ने कथक में भाग लिया । बाकी विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में । कितने प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में भाग लिया ?
SSC CHSL 19/03/2020 (Evening)
(a) 41.5% (b) 53% (c) 30.6% (d) 58.5%

Q.75. जॉन पिछले महीने तक पेट्रोल 80 Rs प्रति लीटर के दर से लेता था। अब वह पेट्रोल 85 Rs प्रति लीटर की दर से ले रहा है। पेट्रोल की कीमत में पिछले महीने के मुकाबले कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?
SSC CHSL 12/10/2020 (Morning)
(a) 6.25% (b) 8.35% (c) 10% (d) 5.5%

Q.76. दिशा की आय प्रतिमा की आय से Rs 3000 ज्यादा है। दिशा और प्रतिमा की आय का अनुपात क्रमानुसार 17 : 15 है।प्रतिमा की आय कितनी है ?
SSC CHSL 12/10/2020 (Morning)
(a) Rs 27,250 (b) Rs 26,750
(c) Rs 25,500 (d) Rs 22,500

Q.77. एक 11 छात्रों की कक्षा में 6 लड़के हैं। किसी एक विद्यार्थी को कक्षा - नायक चुना गया है। कक्षा-नायक के लड़की होने की क्या सम्भावना है?
SSC CHSL 12/10/2020 (Afternoon)
(a) $\frac{7}{11}$ (b) 1 (c) $\frac{6}{11}$ (d) $\frac{5}{11}$

Q.78. एक बस से यात्रा के दौरान एक आदमी ऑटो रिक्शा के किराये के दस गुना से साठ रुपये अधिक देता है। वह कुल रकम ऑटो रिक्शा के किराये से तेरह गुना अधिक देता है तो वह बस और ऑटो रिक्शा के किराये में कुल कितनी रकम (रुपये)देता है ?
SSC CHSL 12/10/2020 (Evening)
(a) 60 (b) 30 (c) 390 (d) 570

Q.79. अरविन्द अपनी आधी आय अपनी पत्नी को घर खर्च के लिए देता है।वह Rs 2500 खुद पर खर्च करता है। वह अपनी मासिक आय का 3 / 7 हिस्सा बचाता है। अरविन्द की मासिक आय कितनी है ?
SSC CHSL 12/10/2020 (Evening)
(a) Rs 28,000 (b) Rs 35,000
(c) Rs 25,000 (d) Rs 30,000

Q.80 504 रुपये की रकम तीन लोगों A , B और C में 7 : 8 : 9 में क्रमानुसार बांटी गयी है। B और C को कुल कितनी रकम (रुपये) मिलेगी ?
SSC CHSL 13/10/2020 (Morning)
(a) 357 (b) 419 (c) 317 (d) 268

Q.81. एक लड़के के पास दो रूपये , पांच रूपये, दस रूपये और बीस रूपये के नोट है जो कुल 740 रूपये बनाते हैं । अगर हर प्रकार के नोट बराबर है, तो लड़के के पास कुल कितने नोट है ?
SSC CHSL 13/10/2020 (Evening)
(a) 80 (b) 60 (c) 40 (d) 20

Q.82. एक साड़ी की कीमत Rs. 700 है और एक सैंडल की कीमत Rs. 500 है।एक औरत इन दो सामान को खरीदने के लिए Rs. 3800 रुपए खर्च

Search on Tg: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

करती है।तो उसने कुल कितनी साड़ी खरीदी ?
SSC CHSL 14/10/2020 (Morning)
(a) 3 (b) 1 (c) 2 (d) 4

Q.83. एक दुकान में सब्जियों की संख्या फलों की संख्या की तीन गुना है। निम्लिखित में से कौन सा विकल्प फलों और सब्जियों की कुल संख्या दर्शाता है ?
SSC CHSL 14/10/2020 (Afternoon)
(a) 42 (b) 50 (c) 39 (d) 60

Q.84. तीन लोगों A, B, C के पास कुल 360 रुपये है। A आधे रूपये B को देता है और C अपने आधे रुपये A को सोंपता है। पैसे आपस में बदलने के बाद तीनो के पास बराबर मूल्य है। B के पास शुरुआत में कितने रुपये थे ?
SSC CHSL 15/10/2020 (Afternoon)
(a) Rs180 (b) Rs120 (c) Rs240 (d) Rs 0

Q.85. अंकित मूल्य पर 25% की छूट देने के पश्चात एक लैपटॉप को Rs. 22500 में बेचा जाता है। लैपटॉप का अंकित मूल्य क्या है ?
SSC CHSL 16/10/2020 (Afternoon)
(a) Rs32,000 (b) Rs36,500
(c) Rs30,000 (d) Rs29,000

Q.86. अमन के पास एक, पांच, दस और बीस रुपए के नोट बराबर मात्रा में है जो की कुल Rs. 1080 है । अमन के पास कुल कितने नोट है ?
SSC CHSL 16/10/2020 (Evening)
(a) 100 (b) 120 (c) 105 (d) 90

Q.87. ट्रेन A , 80 किलोमीटर प्रति घंटे के हिसाब से स्टेशन X से 11:00 am पर चलती है। ट्रैन B उसी दिशा में उसी स्टेशन से 11:15 am पर चलती है। ट्रेन B को किस गति पर चलना चाहिए ताकि वो ट्रेन A को स्टेशन Y पर मिल सके जो की 60 किलोमीटर दूर है ?
SSC CHSL 19/10/2020 (Afternoon)
(a) 115 km/h (b) 120 km/h
(c) 110 km/h (d) 125 km/h

Q.88. एक स्कूल में 946 शिक्षक और छात्र हैं।यदि 42 बच्चों के लिए एक शिक्षक है तो स्कूल में कुल कितने शिक्षक है ?
SSC CHSL 19/10/2020 (Evening)
(a) 20 (b) 23 (c) 21 (d) 22

Q.89. 1 से 100 तक प्राकृतिक संख्या लिखने पर '6' कितनी बार आएगा ?
SSC CHSL 20/10/2020 (Morning)
(a) 19 (b) 21 (c) 18 (d) 20

Q.90. निम्नलिखित में से किस विकल्प में तीनो संख्याओं में सम्बन्ध दिए गए लक्षणों का पालन नहीं करता ?
1. तीसरी संख्या के अंको का जोड़ पहली संख्या के अंकों के जोड़ की दो गुना है।
2. दूसरी संख्या के अंको का जोड़ पहली संख्या के अंकों के जोड़ के तीन गुना है।
SSC CHSL 20/10/2020 (Morning)
(a) (200, 600, 300) (b) (201, 702, 303)
(c) (400, 660, 800) (d) (111, 207, 222)

Q.91. एक व्यक्ति को एक कम्पनी में प्रति माह Rs. 6000 पर कार्यरत किया जाता है। पूरे वर्ष में वह 15 दिनों के लिए काम से छुट्टी लेता है।यदि हर अवकाश के लिए उसके Rs. 200 कटते है तो बताएं की वह साल के अंत में कितने पैसे कमाएगा?
SSC CHSL 20/10/2020 (Afternoon)
(a) Rs70,000 (b) Rs69,000
(c) Rs72,000 (d) Rs75,000

Q.92. एक नली एक रिवास रहित टैंक को 24 घंटे में भरती है।समान आकार के टैंक जिसमें मध्य में छेद है आधे पानी को 36 घंटे में खाली करता है।दी गयी नली से टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?
SSC CHSL 20/10/2020 (Evening)
(a) 14.4 hrs (b) 30 hrs (c) 18 hrs (d) 72 hrs

Q.93. किसी कंपनी में तीन विभाग है - IT , HR और हेल्प डेस्क। IT विभाग में 125 कर्मचारी है और HR विभाग में IT विभाग के कर्मचारियों का 1/5 भाग है। हेल्प डेस्क विभाग में IT और HR विभाग के कुल कर्मचारियों से 20 कम है। तीनो विभागों में कुल कितने कर्मचारी है ?
SSC CHSL 21/10/2020 (Morning)
(a) 150 (b) 170 (c) 280 (d) 180

Q.94. प्याज की कीमत 70 रुपये प्रति किलो से 120 रुपये प्रति किलो एक महीने में हो गयी। प्याज की कीमत में कितने प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है ?
SSC CHSL 21/10/2020 (Afternoon)
(a) 71.5% (b) 80% (c) 65% (d) 75.2%

Q.95. एक पासा जिसके किनारे 4 cm है उसे छह तरफ से हरे रंग से रंगा गया है । अगर उसे 1 cm की भुजा वाले पासे में काटा गया है, तो बताओ की कितने ऐसे छोटे पासे होंगे जिनकी तीन मुख हरे रंग से रंगे होंगे ?
SSC CHSL 21/10/2020 (Evening)
(a) 12 (b) 16 (c) 8 (d) 4

Q.96. एक संख्या के दो अंकों का जोड़ 5 है । यदि इस संख्या में 9 जोड़ दिया जाए तो वह 50 बन जाएगी संख्या बताइए ।
SSC CHSL 21/10/2020 (Evening)
(a) 32 (b) 41 (c) 14 (d) 23

Q.97. माहिरा ने कुछ रबड़ और पेन 42 रुपये में खरीदे । प्रत्येक रब्बड़ 5 रुपय और प्रत्येक पेन 9 रुपय का है । माहिरा ने कितने रबड़ खरीदे ?
SSC CHSL 21/10/2020 (Evening)
(a) 6 (b) 3 (c) 8 (d) 7

Q.98. तीन दोस्त A, B, C एक कंपनी में कार्यरत है।A हर महीने 45000 रुपये कमाता है। C की मासिक आय B की आय के 3/5 है। B की मासिक आय की A आय की दोगुना है। A, B, C की कुल मासिक आय कितनी है ?
SSC CHSL 26/10/2020 (Morning)
(a) Rs 1,90,000 (b) Rs 1,79,000
(c) Rs 1,80,000 (d) Rs 1,89,000

Q.99. राहुल अपनी बचत जो की 25000 रुपये है को एक बैंक में जमा करता है जहां उसे 7 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलता है । एक वर्ष में उसे कितना ब्याज मिलेगा ?
SSC CHSL 26/10/2020 (Afternoon)
(a) 1500 (b) 1800 (c) 1750 (d) 1675

SSC CGL 2019 Tier - 1

Q.100. 80 प्रश्नों की परीक्षा में, एक सही उत्तर को +1 अंक दिया जाता है, एक गलत उत्तर को -1 अंक दिया जाता है और यदि एक प्रश्न का प्रयास नहीं किया जाता है तो शून्य अंक होते हैं। यदि किसी छात्र ने केवल 80% प्रश्नों का प्रयास किया और 32 अंक प्राप्त किए, तो उसने कितने प्रश्नों के सही उत्तर दिए ?
SSC CGL 03/03/2020 (Afternoon)
(a) 32 (b) 48 (c) 16 (d) 56

Q.101. भारतीय महानगरों में विवाहित जोड़ों पर किया गया हालिया सर्वेक्षण दर्शाता है कि 20% जोड़ों को केवल एक बच्चा है। शेष में से 45% जोड़ों के दो बच्चे हैं तथा शेष जोड़ों के तीन या अधिक बच्चे हैं । तीन या अधिक बच्चों वाले जोड़ों का प्रतिशत कितना है ?
SSC CGL 04/03/2020 (Morning)
(a) 56% (b) 44% (c) 35% (d) 42%

Q.102. वस्तु A वस्तु B से 2 रुपये महँगी है। यदि वस्तु A की कीमत वस्तु B की कीमत से दोगुनी बढ़ जाए, तो वस्तु A की नयी कीमत 17 रुपये हो जाती है। वस्तु B की कीमत कितनी है ?
SSC CGL 04/03/2020 (Afternoon)
(a) Rs.5 (b) Rs.6 (c) Rs.3 (d) Rs.7

Q.103. एक वस्तु को कीमत पर्ची के साथ बिक्री के लिए रखा गया जो मुद्रित मूल्य से 20% की छूट पर है। बिक्री के समय, दुकानदार ने कीमत पर्ची मूल्य पर 10% की अतिरिक्त छूट दी। यदि एक ग्राहक ने इस वस्तु को 468 रुपये में क्रय किया, तो इस वस्तु का मुद्रित मूल्य कितना है ?
SSC CGL 04/03/2020 (Evening)
(a) Rs 700 (b) Rs 650 (c) Rs 520 (d) Rs 600

Q.104. शान के पास कुल 5,500 रुपये हैं। वह इस राशि में से 5,000 रुपये देकर वस्तु Z को खरीदता है तथा इसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच देता है, जिससे उसे इस पर 15% का लाभ होता है। अब उसके पास जितने रुपये हैं, उससे वह वस्तु X खरीदता है तथा इसे 25% के लाभ पर किसी अन्य व्यक्ति को बेच देता है।शान के पास अब कितने रुपये हैं ?
SSC CGL 05/03/2020 (Morning)
(a) Rs. 7,812.50 (b) Rs. 7,187.50
(c) Rs. 6,325.50 (d) Rs. 7,815.50

Q.105. विनीत, राजेश तथा कृति के पास अलग-अलग धनराशियाँ हैं । राजेश के पास विनीत की तुलना में दोगुनी धनराशि है । राजेश तथा कृति के पास कुल 147 रुपये हैं। कृति के पास विनीत की तुलना में 6 रुपये अधिक हैं। कृति के पास कितनी धनराशि है ?
SSC CGL 05/03/2020 (Afternoon)
(a) Rs 72 (b) Rs 53 (c) Rs 64 (d) Rs 50

Q.106. मनुष्यों तथा घोड़ों के एक समूह में, टांगों की कुल संख्या सिरों की संख्या के दोगुने से 14 अधिक है । इस समूह में कितने घोड़े हैं ?
SSC CGL 06/03/2020 (Morning)
(a) 11 (b) 5 (c) 7 (d) 9

Search on Telegram @apna_pdf

Q.107. K , L और M , तीन दोस्तों का एक समूह एक कैफे में बैठे है। उनकी औसत आयु 24 वर्ष है। एक अन्य मित्र 'N' समूह में शामिल होता है और समूह की नई औसत आयु 23 वर्ष हो जाती है। यदि कोई अन्य मित्र 'R', जिसकी आयु, 'N' से 2 वर्ष अधिक है,' K 'का स्थान ले लेगा, तो L, M, N और R की औसत आयु 22.5 वर्ष हो जाएगी। K की आयु क्या है?
SSC CGL 06/03/2020 (Afternoon)
(a) 20 वर्ष (b) 22 वर्ष (c) 24 वर्ष (d) 25 वर्ष

Q.108. एक निजी टैक्सी कंपनी तय की गयी दूरी के आधार पर प्रति किलोमीटर शुल्क वसूलने के साथ ही एक निर्धारित शुल्क भी लेती है। 24 किमी की यात्रा में, 368 रुपये तथा 32 किमी की यात्रा में 464 रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 15 किमी की दूरी तय करने के लिए एक व्यक्ति को कितनी राशि का भुगतान करना होगा ?
SSC CGL 07/03/2020 (Morning)
(a) Rs 280 (b) Rs 180 (c) Rs 260 (d) Rs 290

Q.109. हेमंत एक दर्जन अंडे खरीदता है। 5.50 प्रति अंडा। उन्हें ले जाने के दौरान, दो अंडे बर्बाद हो जाते हैं जब वे नीचे गिरते हैं और क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। वह बचे हुए अंडे को 7.70 रु में बेचता है। तो उसके द्वारा पूरी लेन-देन पर अर्जित लाभ ज्ञात करे।
SSC CGL 07/03/2020 (Evening)
(a) Rs.15.40 (b) Rs. 15.00
(c) Rs 10.70 (d) Rs. 11.00

Q.110. 60 छात्रों ने तीन प्रतियोगिताओं, यानी - क्विज़, आशु तथा वाद-विवाद में से एक या अधिक में भाग लिया । 22 छात्रों ने या तो केवल क्विज़ या आशु में भाग लिया । 4 छात्रों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया । कुल 14 छात्रों ने दो में से किसी भी एक प्रतियोगिता में भाग लिया । केवल वाद-विवाद में कितने छात्रों ने भाग लिया ?
SSC CGL 09/03/2020 (Morning)
(a) 11 (b) 22 (c) 20 (d) 14

SSC CHSL 2018 Tier - 1

Q.111. एक प्लास्टिक के खिलौने की कीमत रु 7 है। एक प्लास्टिक चम्मच की कीमत रु 5 है। X कुल प्लास्टिक समानो पर 38 रूपए खर्च करता है। प्लास्टिक के खिलोने की संख्या ज्ञात करे जो उसने खरीदे थे।
SSC CHSL 01/07/2019 (Evening)
(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 2

Q.112. राहुल के पास Rs. 340 है जिसमे Rs.2, Rs.5, और Rs.10 के नोट है। सभी नोटों की संख्या बराबर है। राहुल के पास नोटों की कुल संख्या क्या है ?
SSC CHSL 02/07/2019 (Morning)
(a) 40 (b) 60 (c) 20 (d) 80

Q.113. तीन संख्याओं के वर्गों का योग 336 है और पहले और दूसरे का अनुपात तथा दूसरे और तीसरे का अनुपात 1: 2 है। फिर तीसरे और पहले नंबर के बीच का अंतर ज्ञात करें।
SSC CHSL 02/07/2019 (Afternoon)
(a) 10 (b) 14 (c) 12 (d) 16

Q.114. गणित कार्य में रंगा के जितने सवाल सही हुए उससे तिगुने गलत हुए । यदि उसने कुल मिलाकर 72 सवाल बनाए , तो उसने गणित कार्य में कितने सवाल सही बनाए ?
SSC CHSL 02/07/2019 (Evening)
(a) 16 (b) 20 (c) 14 (d) 18

Q.115. रु 2100 को P, Q और R में इस तरह से विभाजित किया गया है कि P का हिस्सा Q और R के संयुक्त हिस्से का आधा है और Q का हिस्सा P और R के संयुक्त हिस्से का एक-चौथाई हिस्सा है। R की हिस्सेदारी P की हिस्सेदारी से कितना अधिक है ?
SSC CHSL 02/07/2019 (Evening)
(a) Rs. 280 (b) Rs. 500
(c) Rs. 200 (d) Rs. 250

Q.116. जून महीने में , एक कक्षा में लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से आधी थी। जुलाई में, पाँच और लड़कियों ने नामांकन लिया जबकि पाँच लड़के विद्यालय छोड़ कर चले गए। अब कक्षा में लड़कों और लड़कियों की संख्या बराबर है। जून में कक्षा में कुल कितने छात्र थे ?
SSC CHSL 03/07/2019 (Afternoon)
(a) 30 (b) 25 (c) 35 (d) 20

Q.117. एक प्रतियोगिता में चौदह टीमें खेल रही हैं।यदि प्रत्येक टीम हर दूसरी टीम से एक मैच खेलती है, तो इस प्रतियोगिता में कुल कितने मैच खेले जायेंगे ?
SSC CHSL 03/07/2019 (Evening)
(a) 66 (b) 78 (c) 91 (d) 101

Q.118. तीन व्यक्तियों A, B और C के पास अलग-अलग राशियाँ हैं। यदि A, C को 11 रुपये देता है, तो A के पास B के जितनी राशि हो जाएगी। A और B के पास कुल 245 रुपये हैं। B के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 04/07/2019 (Morning)
(a) 116 (b) 118 (c) 117 (d) 119

Q.119. तीन व्यक्तियों A, B और C के पास अलग-अलग राशियाँ (रुपये में) हैं । यदि A, C से 6 रुपये लेता है, तो A के पास B के जितनी राशि हो जाएगी । A और B के पास कुल 74 रुपये हैं । B के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 05/07/2019 (Morning)
(a) 34 (b) 44 (c) 40 (d) 30

Q.120. तीन व्यक्तियों A, B और C के पास अलग-अलग राशियाँ (रुपये में) हैं।यदि C, A से 11 रुपये लेता है, तो C के पास B के जितनी राशि हो जाएगी।B और C के पास कुल 111 रुपये हैं।C के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 05/07/2019 (Afternoon)
(a) 50 (b) 70 (c) 60 (d) 65

Q.121. तीन व्यक्तियों A, B और C के पास अलग-अलग राशियाँ (रुपये में) हैं । यदि A, C से 12 रुपये लेता है, तो A के पास B के जितनी राशि हो जाएगी । A और B के पास कुल 102 रुपये हैं । A के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 05/07/2019 (Evening)
(a) 50 (b) 55 (c) 57 (d) 45

Q.122. तीन व्यक्तियों A , B और C के पास अलग - अलग राशियाँ (रुपये में) हैं । यदि B , A से 7 रुपये लेता है , तो B के पास C के जितनी राशि हो जाएगी । B और C के पास कुल 157 रुपये है तो बताइए की C के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 08/07/2019 (Morning)
(a) 80 (b) 81 (c) 83 (d) 82

Q.123. तीन व्यक्तियों A, B और C के पास अलग-अलग राशियाँ (रुपये में) हैं ।यदि A, B से 10 रुपये लेता है, तो A के पास C से 4 रुपये कम होंगे ।A और C के पास कुल 330 रुपये है ।C के पास कितने रुपये हैं ?
SSC CHSL 08/07/2019 (Afternoon)
(a) 170 (b) 174 (c) 172 (d) 176

Q.124. 153 रुपये की एक राशि को A, B और C में इस प्रकार वितरित किया जाता है कि C को A की तुलना में 5 गुनी राशि मिलती है तथा B को A की तुलना में तिगुनी राशि मिलती है ।B को कितने रुपये मिले ?
SSC CHSL 08/07/2019 (Evening)
(a) 65 (b) 51 (c) 61 (d) 66

Q.125. 209 रुपये की राशि को A, B और C में इस प्रकार वितरित किया जाता है कि A को B की तुलना में छः गुना रुपये मिलते हैं, C को B की तुलना में 4 गुना रुपये मिलते हैं । A को कितने रुपये मिले ?
SSC CHSL 09/07/2019 (Morning)
(a) 114 (b) 113 (c) 115 (d) 112

SSC CGL 2018 Tier - 1

Q.126. 1875 रुपये A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किये जाते हैं कि A का हिस्सा B और C के संयुक्त हिस्से का आधा है तथा B का हिस्सा A और C के संयुक्त हिस्से का एक चौथाई है। C का हिस्सा A के हिस्से से कितना अधिक है ?
SSC CGL 04/06/2019 (Morning)
(a) Rs 500 (b) Rs 225 (c) Rs 250 (d) Rs 200

Q.127. दो मिश्रणों में दूध और जूस 2 : 1 तथा 4 : 5 के अनुपात में है। यदि इन दोनों मिश्रणों की बराबर मात्रा आपस में मिलाई जाती है, तो इसके बाद बनने वाले मिश्रण में दूध और जूस का अनुपात क्या होगा ?
SSC CGL 06/06/2019 (Morning)
(a) 7 : 5 (b) 1 : 1 (c) 5 : 3 (d) 5 : 4

Q.128. 820 रुपये को 6 पुरुषों, 8 महिलाओं तथा 12 लड़कों के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि प्रत्येक महिला को एक पुरुष तथा एक लड़के को मिली संयुक्त राशि के बराबर राशि मिलती है तथा प्रत्येक पुरुष को एक लड़के को मिली राशि से डेढ़ गुना राशि मिलती है। 8 महिलाओं को मिली कुल राशि ज्ञात करें।
SSC CGL 06/06/2019 (Afternoon)
(a) Rs 400 (b) Rs 300 (c) Rs 240 (d) Rs 380

Q.129. एक ठेकेदार ने किसी कार्य को 12 दिनों में समाप्त करने की योजना बनाई और निश्चित संख्या में पुरुषों को काम पर लगाया । हालाँकि, इनमें से 6 पहले ही दिन से अनुपस्थिति रहे । शेष पुरुष इस कार्य को 20 दिनों में समाप्त करते है ।आरंभ में कितने पुरुषों को कार्य पर लगाया गया था।
SSC CGL 07/06/2019 (Morning)

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

(a) 15 (b) 18 (c) 20 (d) 24

Q.130. एक साइकिल 4140 रुपये में बेची गयी, जिसमें 15% लाभ हुआ । 25% का लाभ कमाने के लिए, इसे किस कीमत पर बेचा जा सकता था ?
SSC CGL 07/06/2019 (Evening)
(a) Rs. 4500 (b) Rs. 4350
(c) Rs. 4200 (d) Rs. 4850

Q.131. 9 संख्याओं का औसत 40 है । यदि पहली पांच संख्याओं का औसत 38 है तथा अंतिम पांच संख्याओं का औसत 50 है, तो पाँचवीं संख्या कौन सी है ?
SSC CGL 10/06/2019 (Morning)
(a) 90 (b) 84 (c) 78 (d) 80

Q.132. एक पार्टी में, लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या से आधी है । एक घंटे के बाद, पांच लड़के पार्टी से निकल गए और तीन लड़कियाँ शामिल हो गयीं । अब पार्टी में दोनों की संख्या बराबर हो गयी । एक घंटे पहले पार्टी में कितने लोग थे ?
SSC CGL 11/06/2019 (Morning)
(a) 16 (b) 8 (c) 24 (d) 22

Q.133. यदि आपने 1 से 99 तक की सभी संख्याओं को लिखा है, तो आपने '7' को कितनी बार लिखा है ?
SSC CGL 13/06/2019 (Evening)
(a) 19 (b) 11 (c) 21 (d) 20

Answer Key :-

1.(c)	2.(d)	3.(a)	4.(d)
5.(b)	6.(b)	7.(a)	8.(d)
9.(d)	10.(b)	11.(b)	12.(b)
13.(b)	14.(a)	15.(a)	16.(b)
17.(a)	18.(c)	19.(d)	20.(c)
21.(b)	22.(d)	23.(a)	24.(c)
25.(a)	26.(b)	27.(c)	28.(b)
29.(d)	30.(d)	31.(c)	32.(c)
33.(c)	34.(a)	35.(d)	36.(c)
37.(d)	38.(d)	39.(a)	40.(b)
41.(a)	42.(d)	43.(b)	44.(a)
45.(d)	46.(b)	47.(c)	48.(a)
49.(d)	50.(a)	51.(d)	52.(d)
53.(c)	54.(b)	55.(c)	56.(b)
57.(a)	58.(b)	59.(a)	60.(d)
61.(c)	62.(c)	63.(a)	64.(a)
65.(b)	66.(d)	67.(a)	68.(b)
69.(c)	70.(b)	71.(c)	72.(a)
73.(d)	74.(d)	75.(a)	76.(d)
77.(d)	78.(c)	79.(b)	80.(a)
81.(a)	82.(d)	83.(d)	84.(b)
85.(c)	86.(b)	87.(b)	88.(d)
89.(d)	90.(a)	91.(b)	92.(b)

93.(c)	94.(a)	95.(c)	96.(b)
97.(b)	98.(d)	99.(c)	100.(b)
101.(a)	102.(a)	103.(b)	104.(a)
105.(b)	106.(c)	107.(c)	108.(c)
109.(d)	110.(c)	111.(b)	112.(b)
113.(c)	114.(d)	115.(a)	116.(a)
117.(c)	118.(c)	119.(c)	120.(a)
121.(d)	122.(d)	123.(c)	124.(b)
125.(a)	126.(c)	127.(d)	128.(a)
129.(a)	130.(a)	131.(d)	132.(c)
133.(d)			

Solutions :-

Sol.1.(c)



इस प्रश्न में हमें बगीचे सहित पार्क का क्षेत्रफल ज्ञात करना है , इसलिए हमें बगीचे का क्षेत्रफल ज्ञात करना होगा। $24 \times 24 = 576\ m^2$

Sol.2.(d) माना संख्या y है।
प्रश्न के अनुसार, $\frac{90}{100} \times y = 621$, $y = 690$
इसलिए,
आवश्यक उत्तर = $\frac{50}{100} \times \frac{20}{100} \times 690 = 69$

Sol.3.(a) माना , चॉकलेट की कुल संख्या = 27x
पहले आयुषी के द्वारा ली गई चॉकलेट की संख्या
= $\frac{27x}{3}$ = 9x ,
शेष = 27x – 9x =18x ,
साधना के द्वारा ली गई चॉकलेट की संख्या
= $\frac{18x}{3}$ = 6x ,
तो, शेष = 18x – 6x = 12x ,
अब तान्या के द्वारा ली गई चॉकलेट की संख्या
= $\frac{12x}{3}$ = 4x,
शेष चॉकलेट = 12x - 4x = 8x,
8x = 24 चॉकलेट ⇒ x = 3 चॉकलेट .
तो चॉकलेट की कुल संख्या (27x) = 81
अब, चॉकलेट के समान वितरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मिली चॉकलेट = 81 ÷ 3 = 27
आयुषी को प्राप्त चॉकलेट (9x) → 27 चॉकलेट.
साधना को प्राप्त चॉकलेट (6x) = 18 चॉकलेट.
तान्या को प्राप्त चॉकलेट (4x) = 12 चॉकलेट.
साधना को रेणुका द्वारा दी गई चॉकलेट की संख्या = 27 - 18 = 9 ।

Sol.4.(d) माना खिलाड़ियों की कुल संख्या = 300x, फिर होटल X में खिलाड़ी = 100x और होटल, Y = 200x
पहली शर्त के अनुसार,
$100x + 20 = \frac{1}{2}(300x)$
$50x = 20 \Rightarrow 100x = 40$
तो , 300x = 120
दूसरी शर्त के अनुसार,
होटल X में खिलाड़ी = 40 - 20 = 20
आवश्यक प्रतिशत = $\frac{20}{120} \times 100 = 16.67\%$

Sol.5.(b) एक वृत्त का क्षेत्रफल = $\pi r^2 = \pi(20)^2 = 400\pi$
नया क्षेत्रफल = $\pi(10)^2 = 100\pi$
क्षेत्रफल में कमी = $400\pi - 100\pi = 300\pi$
अत: क्षेत्रफल में प्रतिशत कमी = $\frac{300\pi}{400\pi} \times 100 = 75\%$.

Sol.6.(b) हाथ मिलाने के लिए सहमत होने वाले कुल व्यक्ति = 21
हाथ मिलाने की कुल संख्या = ${}^{n}C_2$
तो, ${}^{21}C_2 = 210$

Sol.7.(a) तीन संख्याओं का योग 240 है ।
तो, औसत = $\frac{240}{3} = 80$

Sol.8.(d) मान लीजिए राशि प्रिया = p , काव्या = k , गौरवी = g, शालिनी = s
प्रश्न के अनुसार,
p + 88 = g
s + k = 550 और g + 25 = k
s + k + g = 840 और g = 840 - 550 = 290
p = g - 88 = 290 - 88 = 202

Sol.9.(d)
दिया गया है:- 49.85 - 5.31 + 9.97 = ?
सन्निकटन लेने के बाद अंतिम मान है
50 - 5 + 10 ⇒ 45 + 10 = 55

Sol.10.(b) माना, एक कलम की कीमत = x और एक नोटबुक की कीमत = y , प्रश्न के अनुसार,
3x + 6y = 180 .....(1)
5x + 2y = 116 .....(2)
समीकरण (1) और (2) को हल करने पर , हम प्राप्त करते हैं , y = 23 और x = 14
इसलिए, मोहित द्वारा नोटबुक पर खर्च की गई राशि = 6y = 6 × 23 = ₹138

Sol.11.(b) माना कुल अंक = 100x
प्रश्न के अनुसार,
$\frac{78}{100} \times (100x) + \frac{64}{100} \times (100x) = 923$
78x + 64x = 923 , 142x = 923 , x = 6.5
कपिल द्वारा प्राप्त अंक = 64x = 64 × 6.5 = 416 अंक

Sol.12.(b)
माना महिलाओं की राष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होने से पहले मिताली द्वारा खेले गए मैचों की संख्या = n
इसलिए, महिलाओं की राष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होने से पहले मिताली का कुल स्कोर = 45n
प्रश्न के अनुसार,
$47.5 = \frac{45n + 500}{n + 10}$
$\Rightarrow 47.5n + 475 = 45n + 500$,
$\Rightarrow 2.5n = 25 \Rightarrow n = 10$,
इसलिए, अब तक खेले गए मैचों की कुल संख्या =10 + 10 = 20

Sol.13.(b) दिए गए प्रश्न के अनुसार पूरे स्टाफ

Search on TG: @apna_pdf

Search on Telegram @apna_pdf

का औसत वेतन 2000 है।
पुरुष शिक्षक का औसत वेतन 2500 रुपये / दिन है।
और महिला शिक्षक का वेतन 1200 रुपये / दिन है
एलीगेशन द्वारा



पुरुष शिक्षकों की संख्या = 16
महिला शिक्षकों की संख्या = 10 ,विकल्प (b) है

Sol.14.(a) दिए गए प्रश्न के अनुसार, 1,003 रुपये को A, B, C के बीच 11 : 23 : 25 के अनुपात में वितरित किया जाना है। मान लीजिए कि राशि क्रमशः 11X , 23 X, 25X में वितरित की जाती है। तो हम कह सकते हैं कि
(11X + 23X + 25X) = 1,003 रुपये
59X = 1,003 रुपये

$X = \frac{1,003}{59}$ रुपये ⇒ X = 17 रुपये

प्रश्न के अनुसार, A 11X प्राप्त करेगा और B 23X प्राप्त करेगा , इसलिए उनके बीच अंतर है
(23X −11X) = 12X
इसलिए, B को 'A' से 12 ×17 रुपये = 204 रुपये अधिक मिलते हैं।

Sol.15.(a)
दिया गया है कि कुल राशि = 2,95000
माना मयंक की राशि = 2X
तब विनीत को राशि मिलती है = X
और प्रतीक को राशि मिलती है = (X−25000)
कुल रकम = X + 2X + (X − 25000)
= 2,95,000
⇒ 4X − 25000 = 2,95000
⇒ 4X = 320000

इसलिए, X = $\frac{320000}{4}$ = 80,000

Sol.16.(b) दिया गया है कि, त्रिज्या 90 cm बढ़ाकर 99 cm कर दी गई है।
$R_1 : R_2$
90 : 99
तो हम कह सकते हैं :
10 : 11
क्षेत्रफल $(R_1)^2 : (R_2)^2$
$(10)^2 : (11)^2$
100 : 121
तो, क्षेत्रफल में शुद्ध वृद्धि 21% है।

Sol.17.(a)
अनुपात → कक्षा 10 : कक्षा 12
विद्यार्थियों की संख्या → 4x : 3x
दिया गया है कि विद्यार्थियों की कुल संख्या
= 7x =112, x = 16
कक्षा 10 में छात्रों की कुल संख्या = 4x
= 4 × 16 = 64

Sol.18.(c)
यह देखते हुए कि वैदेही को एक परीक्षा में 92% अंक मिले और काव्यांजलि को 78% अंक मिले तो , उनके बीच का अंतर = (92 − 78)% = 14%
14% = 105

इसलिए, 1% = $\frac{105}{14} = \frac{15}{2}$

वैदेही को 92% अंक मिले = $\frac{15}{2} \times 92 = 690$

Sol.19.(d) माना , दो संख्याएँ x और y हैं।
प्रश्न के अनुसार,
x + y = 6 इकाई
और x - y = 5 इकाई
इन समीकरणों को हल करने पर :
2x = 11 ⇒ x = $\frac{11}{2}$ और y = $\frac{1}{2}$
तो, अंतिम अनुपात = 11 : 1

Sol.20.(c) प्रश्न के अनुसार,
$\frac{4}{5}$ x = 768 ⇒ x = 960

अभीष्ट संख्या = $960 \times \frac{1}{20} \times \frac{2}{5}$ = 19.2

Sol.21.(b) माना अभय द्वारा प्रतिदिन खाए जाने वाला आम x है और राजीव द्वारा प्रतिदिन खाए जाने वाला आम y है।
कुल आमों की संख्या = 60x = 36(x + y)
⇒ 24x = 36y ⇒ 2x = 3y
कुल दिन = $\frac{\text{आमों की कुल संख्या}}{\text{राजीव द्वारा प्रतिदिन खाए जाने वाले आम}}$

= $\frac{60x}{y} = \frac{60x}{\frac{2x}{3}}$ = 90

Sol.22.(d) माना कुल छात्र = 100 %
क्रिकेट में विद्यार्थी = 14%
हॉकी = शेष का 22% = $\frac{22}{100} \times 86 = 18.92\%$
बैडमिंटन = $\frac{1}{2}[100 - (18.92 + 14)] = 33.54\%$
कोई प्रशिक्षण प्राप्त नहीं करने वाले छात्रों का शेष प्रतिशत = 100 - (14+18.92 + 33.54)= 33.54%

Sol.23.(a) x(x + 1) = 1260 समी. -----(1)
x = 35 (समी.1 को हल करने पर)
और x + y = 106 , y = 106 - 35 = 71

Sol.24.(c) माना अमरूद का मूल्य = x
प्रश्न के अनुसार,
6 × 3x + 3 × 2x + 10x = 136
18x + 6x + 10x = 136
34x = 136 इसलिए, x = 4
तो आम, केला और अमरूद की प्रति पीस लागत क्रमशः ₹12, ₹8, ₹4 है, इसलिए,
1 आम = ₹12, ,2 केले = ₹16 ,3 अमरूद = ₹12
कुल लागत = 12 +16 +12 = ₹40

Sol.25.(a) प्रश्न के अनुसार,
12x - 15y = 12x का 25%
12x - 15y = 3x , x : y = 5 : 3
आय के अनुपात को 5 से गुणा और व्यय को 3 से गुणा करने पर
आय = 60 : 45 : 35 और व्यय = 45 : 27 : 24
बचत = आय - व्यय = 15 : 18 : 11

Sol.26.(b) प्रश्न के अनुसार
⇒ (A का 4% + B का 6%) $\frac{4}{5}$ = A का 3% + B का 6%
⇒ A का 16% + B का 24% = A का 15% + B का 30%
⇒ A का 1% = B का 6%
